संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 20 अप्रैल 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 108 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है।

आदर्श विचार

"कोई भी इंसान अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से महान बनता है।" -भागवद्

मन की बात

"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -स्वामी विवेकानंद

राज्य सरकार के प्रयासों से शिंकुला टनल को मिली एफसीए क्लीयरेंस: सुक्खू

टीम एक्शन इंडिया

शिमला: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला टनल बनने का रास्ता राज्य सरकार के प्रयासों से साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने लाहौल और लद्दाख को जोड़ने के लिए 4.1 किमी सुरंग बनाने की स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण सुरंग के निर्माण के लिए प्राथमिकता रखी है। इसके लिए सरकार ने एक विशेष अधिकारी नियुक्त कर केंद्र सरकार से स्वीकृति प्रदान करवाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से ही टनल निर्माण के लिए एफसीए क्लीयरेंस मिली है। उन्होंने बताया कि यहां सुरंग के साथ-साथ यहां एक हैलीपैड और कार्यालय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। इस सुरंग के साउथ पोल के साथ-साथ लगभग 3800 मीटर हिस्सा हिमाचल प्रदेश में बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुरंग के निर्माण से लद्दाख तक सभी मौसम में जाना संभव हो पाएगा और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तक पहुंचने का यह सबसे छोटा रास्ता होगा।

21 राज्यों की 102 सीटों पर 63% वोटिंग

= त्रपुरा, बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक हुआ

मताधिकार

8 सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में मतदाता खड़े दिखें

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और देशभर में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डाले गए। शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक हुआ

सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।

मणिपुर: मतदान के दौरान गोलीबारी

टीम एक्शन इंडिया

इंफाल: आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान दो पूर्वी और तीन पश्चिमी इंफाल के कुल पांच मतदान केंद्रों से गोलीबारी की घटना सामने आई है। बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थामनापोक्पी में एक हथियारबंद व्यक्ति ने मतदान केंद्र के पास हवा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए वहां मौजूद मतदाता डर से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया।

अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की फायरिंग: अज्ञात हथियारबंदों ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंटों को धमकी भी दी।

पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच हुआ मतदान

पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है।

अगर मतदान नहीं किया तो चली जाएगी नागरिकता: ममता

टीम एक्शन इंडिया

मुर्शिदाबाद: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विवादित बयान सामने आया है। ममता ने दूसरे राज्यों से बंगाल आए श्रमिकों से कहा कि वो ईद मनाने तो बंगाल आए हैं, लेकिन वो वोट देकर ही वापस जाएं, नहीं तो उनकी नागरिकता चली जाएगी। ममता ने कहा, मैं उन सभी प्रवासी श्रमिकों से अनुरोध करना चाहूंगी जो ईद मनाने के लिए यहां आए हैं, कृपया बिना मतदान किए वापस न जाएं क्योंकि अगर आप आने वाले दिनों में मतदान नहीं करेंगे तो वे आपका आधार कार्ड और आपकी

नागरिकता छीन लेंगे। मैं यहां सीएए लागू नहीं होने दूंगी, जैसे मैंने असम में इसे लागू नहीं होने दिया।

यूसीसी लागू ना होने देने की कही बात: ममता ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि अब वो यूसीसी के बारे में भी बात कर रहे हैं, क्या आप जानते हैं कि इससे क्या होगा।

केजरीवाल को इंसुलिन देने की मांग, आदेश सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को इंसुलिन देने की मांग की है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 22 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए हैं। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने

कहा कि केजरीवाल को शुगर की बीमारी है और इसके लिए उन्हें इंसुलिन की जरूरत होती है। सिंघवी ने कोर्ट को केजरीवाल के शुगर लेवल का चार्ट दिखाया। सिंघवी ने कहा कि आज तक हमने किसी को आम खाने की शिकायत करते नहीं सुना। केजरीवाल को 48 बार घर का खाना दिया गया, जिसमें तीन बार आम भेजा गया। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन और ईडी की मिलीभगत से केजरीवाल का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है कि वो आम और मिठाई खाकर अपना शुगर लेवल बढ़ाना चाहते हैं, ताकि स्वास्थ्य के आधार पर जमानत का आधार बनाया जा सके।

मेडिकल बोर्ड

8 कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए

मोदी की गारंटी से विपक्ष बैचेन: पीएम मोदी

'नेताओं को मोदी की गारंटी बैचेन कर रही'

टीम एक्शन इंडिया

दमोह: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मध्य प्रदेश के दमोह लोकसभा क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बुंदेलखंडी में लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने कहा सबई जनों खों हमाई तरफ से राम-राम पहुंचे। मैं बांदकपुर के जागेश्वर महादेव और कुण्डलपुर तीर्थ को प्रणाम करता हूं।

ये देश के भविष्य का चुनाव: मोदी ने कहा कि इस समय मध्य प्रदेश सहित देश भर की अनेक सीटों पर पहले चरण की वोटिंग जारी है। सबसे पहले तो मैं यही आग्रह करूंगा कि जिन साथियों ने अब तक वोट नहीं डाला है, वो अपने कर्त्तव्य का पालन जरूर करें और वोट डालें। ये चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। ये सिर्फ सांसद चुनने भर का चुनाव नहीं है, ये देश के भविष्य को चुनने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच वर्षों में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। आपका यह उत्साह साफ-साफ कह रहा है, "फिर एक बार मोदी सरकार"! बीजेपी-एनडीए गठबंधन को दिया आपका वोट, केंद्र में सरकार तो बनाएगा ही, साथ ही आपका वोट विकसित भारत का सपना भी पूरा करेगा।

परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बैचेन कर रही है। वो कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडिया गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन वाले हमारी आस्था का अपमान करने में जुटे हैं। ये लोग कहते हैं कि हमारा सनातन डेंगू, मलेरिया है। अयोध्या में जो राम मंदिर बना है, उसके भी ये घोर विरोधी हैं।

'चौ. चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार'

टीम एक्शन इंडिया

गाजियाबाद: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान

दिलाने का कार्य, ये तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।

लोगों में उतावलापन दिख रहा: उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है।

वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए।

किसान हितैषी

8 पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने हैं: योगी

सीएए के नियमों को चुनौती देने वाली नई याचिका दाखिल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

मोदी कार्यकाल में बॉर्डर तक सुदृढ़ हुई सड़क और संचार सेवाएं: जयराम ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया

मंडी: नेता विपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा है कि पहाड़ी प्रदेश हिमाचल में विकास की रफ्तार बढ़ाने का श्रेय केंद्र की भाजपा सरकार को ही जाता है जबकि इतने वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन प्रदेश विकास को हमेशा तरसता ही रहा। पूर्व में जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार केंद्र में रही तो हिमाचल को विशेष आर्थिक पैकेज मिला और विकास कार्यों में कभी विराम नहीं लगा। उन्होने कहा कि इसके बाद यूपीए की दस वर्षों तक केंद्र में सरकार रही तो हिमाचल को छोटा राज्य बोलकर न

केवल विकास में भेदभाव हुआ बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बाबजूद यहां के प्रमुख नेताओं को दिल्ली में मिलने तक का समय नहीं दिया जाता था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के साथ ऐसा कई बार हुआ है। यही नहीं उनके कार्यकाल में केवल एक बार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हिमाचल आए और वो भी केवल चुनावी जनसभा करने जबकि दूसरी ओर 2014 के बाद जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं उन्होंने हिमाचल को अपना घर बताकर विकास में कोई नहीं आने दी।जय राम ने कहा कि मोदी ने न केवल अटल टनल रोहतांग का रिकार्ड समय में निर्माण पूरा करवाकर कबायली जिला लाहौल स्पीति को देश से 12 महीने यातायात से जोड़ने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है

यात्रियों को राहत अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे इस सीजन के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही

गर्मियों के मौसम में रिकॉर्ड 9,111 अतिरिक्त फेरे लगा रही हैं ट्रेन: मंत्रालय

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे इस सीजन के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। यह 2023 की गर्मियों की तुलना में पर्याप्त वृद्धि दशार्ता है, जहां कुल 6369 फेरों की पेशकश की गई थीं। यह 2742 फेरों की वृद्धि दशार्ता है, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा

सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। समस्तर जोनल रेल द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। 16 जोनल रेलवे में कुल 9111 फेरे अधिसूचित हैं। इनमें मध्य रेलवे 488, पूर्वी रेलवे 254, पूर्व मध्य रेलवे 1003, पूर्वी तट रेलवे 102, उत्तर मध्य रेलवे 142, पूर्वोत्तर रेलवे 244, प्रूवोत्तर सीमा रेलवे 88, उत्तर रेलवे 778, उत्तर पश्चिम रेलवे 1623, दक्षिण मध्य रेलवे 1012, दक्षिण पूर्व रेलवे 276, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 12, दक्षिण पश्चिम रेलवे 810, दक्षिणी रेलवे 239, पश्चिम मध्य रेलवे 162 और पश्चिमी रेलवे 1878 अधिसूचित फेरे हैं। अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24७7 इनपुट लिए जाते हैं।

बढ़ावा

8 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24७7 इनपुट लिए जाते हैं

विक्रमादित्य जितनी भी उपलब्धियां गिना रहे है वह केंद्र द्वारा हिमाचल को दी गई है : गोविंद

खेमचंद शास्त्री

मंडी: भाजपा के पूर्व मंत्री मंत्री एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी गोविंद ठाकुर ने कहा की विक्रमादित्य सिंह जितनी भी उपलब्धियां गिना रहे है वह केंद्र द्वारा हिमाचल को दी गई है। उनका केवल मात्र इतना ही योगदान है कि उन्होंने डाकिए का काम किया है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपए का फं ड प्राप्त हुआ है। अगर इसका श्रेय विक्रमादित्य लेना चाहते हैं तो ले सकते है पर जनता सब जानती है कि पैसा कहां से आया है। अगर कांग्रेस

साधा निशाना

8 केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपए का फंड प्राप्त हुआ

के नेता फोरलेन की बात करें, टनल की बात करें सभी के लिए पैसा केंद्र सरकार द्वारा भेजा गया है। हाल ही में केंद्र मंत्री और नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश के लिए एक लाख करोड़ का प्रावधान किया है जिससे सडके बनेगी भी और उनको मरम्मत भी होगी। उन्होंने

कहा की नाबार्ड इस साल 2024-25 में हिमाचल प्रदेश को 34490 करोड़ रुपये देगा। यह 2023-24 के 31971.50 करोड़ से 8 प्रतिशत अधिक है। यह फैसला 31 जनवरी 2024 को आयोजित क्रेडिट सेमिनार में दी गई थी। हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री पोषण स्कीम के तहत केंद्र की ओर से साढ़े 42 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया था। इसमें मंडी को सबसे ज्यादा करीब साढ़े छह करोड़ की राशि दी गई थी। यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के साथ कभी भेदभाव नहीं किया और जितने भी आरोप कांग्रेस पार्टी के नेता लगा रहे हैं वो बे.बुनियाद है। आपदा के समय भी केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 1800 करोड़ की राहत राशि भेजी थी और साथ ही 21000 घर निर्माण करके की स्वीकृति थीए क्या कांग्रेस के नेताओ को यह दिखता नहीं घ गोविंद ठाकुर ने कहा कि चीन की सीमा से सटे हिमाचल प्रदेश में स्पीति का गिउ गांव को पहली बार मोबाइल नेटवर्क से जुड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर ग्रामवासियों से फोन पर बात भी की। पीएम मोदी ने गांववासियों के साथ 13 मिनट से अधिक समय तक फोन पर बात की। यह है हमारा नेतृत्वए नीति और नियत जनता के साथ सीधा संवाद भी करते हैं और विकास भी देते हैं।

पटाखों की चिंगारी से भड़की आग, 10 बीघा गेहूं की फसल राख

एसपी जैरथ

नाहन: पांवटा साहिब के वार्ड नंबर-3 में एक खेत में आग लगने से 10 बीघा खेत में गेहूं की फसल राख हो गई। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार गुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर-3, बद्रीपुर ने के खेत में वीरवार दोपहर को अचानक आग भडक गई। खेत में आग लपटें देख कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे व आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक 10 बीघा खेत में गेहूं की फसल राख हो गई थी। बताया जा रहा है कि गुरजीत सिंह के रिश्तेदारी में कोई बीमार थे तथा पूरा परिवार अस्पताल गया हुआ था तथा घर पर कोई भी

मौजूद नहीं था। बद्रीपुर के तिक्कर सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह व हरपाल सिंह आदि ने बताया कि खेत के दूसरी तरफ एक मंदिर है तथा मंदिर में विवाह का कार्यक्रम चला हुआ था। इस दौरान किसी ने पटाखे फ ोड़े, जिसकी चिंगारी खेत में जा गिरी तथा देखते ही देखते फ सल राख हो गई। लोगों ने अग्निशमन विभाग को भी इसकी सूचना दी थी। अग्निशमन विभाग की टीम गाड़ी सहित मौके पर पहुंची लेकिन मुख्य सडक से वार्ड नंबर-3 की गली में बिजली की थ्री फेज लाइन बहुत नीचे लटकी होने के कारण खेत तक गाड़ी नहीं पहुंच पाई।

न्यूज फ्लैश

साइबर गैंग का एक और शातिर पुलिस ने दबोचा

एसपी जैरथ

नाहन: शहर के नया बाजार क्षेत्र से लाखों रूपए की ऑन लाइन ठगी के मामले में पुलिस ने साइबर गैंग का एक और शातिर को दबोच लिया है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि शहर में हुई लाखों की ठगी के मामले में पुलिस थाना सदर नाहन में 2 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि मामले में गठित एसआईटी ने बीते दिन उक्त मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मुन्ना सक्सेना, निवासी देउचेरा, तहसील आमला, जिलाबरेली, उत्तर प्रदेश को बरेली से दबोचने में सफ लता प्राप्त की है। मीणा ने बताया कि उक्त आरोपी को वीरवार को अदालत में पेश किया गया अदालत ने आरोपी समेत पुर्व पुलिस रिमांड में चल रहे अफ्रीकी मूल के दोआरोपियों 20 अप्रैल तक पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए है। एसपी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

उदघोषित अपराधी देहरादून से दबोचा

एसपी जैरथ

नाहन: जिला सिरमौर पुलिस द्वारा उदघोषित अपराधियों की धर पकड़ के विशेष अभियान के तहत गठित सेल ने आज देहरादून से एक उदघोषित अपराधी मोहम्मद हारून, निवासी गांव डेरा सराय, तहसील सम्भल, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश को दबोच लिया है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि दबोचा गया अपराधी पुलिस थाना पांवटा साहिब के अभियोग संख्या 144,2012, निम्नधारा 429,34 भारतीय दंड सहिंता तथा पशु क्रुरूरता अधिनियम की धारा 8ए 11 में वांछित उदघोषित अपराधी है। एसपी ने बताया कि इस वर्ष 04 उदघोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है

राष्ट्र के लिए कांग्रेस के दो प्रधानमंत्रियों ने दिया सर्वोच्च बलिदान : अनिरुद्ध सिंह

चमन शर्मा

शिमला: ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि कांग्रेस को भाजपा से परिवारवाद और राष्ट्रवाद का ज्ञान लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दो प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान तक बलिदान कर दी। इससे बड़ा राष्ट्रवाद का उदाहरण देश के इतिहास में और क्या हो सकता है। देश के निर्माण में कांग्रेस के अनेकों नेताओं ने अपना खून और पसीना बहाया है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भाजपा को परिवारवाद की परिभाषा पर भी स्पष्टीकरण देना चाहिए। लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश से लेकर पूरे देश में भाजपा के 50 से अधिक उम्मीदवार किसी न किसी राजनीतिक परिवार से आते है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी पार्टी का परिवारवाद दिखाई नहीं दे रहा और वह सिर्फ प्रदेश के लोगों को गुमराह करने के लिए बयान दे रहे हैं। भाजपा नेता चुनाव के

राष्ट्रवाद

8 देश के निर्माण में कांग्रेस के अनेकों नेताओं ने अपना खून और पसीना बहाया है। भाजपा को परिवारवाद की परिभाषा पर भी स्पष्टीकरण देना चाहिए

असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं लेकिन कांग्रेस चुनाव असली मुद्दों पर लोगों का ध्यान खींचती रहेगी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि लोग पूछ रहे हैं। भाजपा का हर साल दो करोड़ रोजगार देने के वादे का क्या हुआ। देश में भाजपा ने दस साल में क्या 20 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया। देश के लोग यह भी जानना चाहते हैं कि हर व्यक्ति को 15-15 लाख रुपए देने के वादे का क्या हुआ। आज रसोई गैस का सिलेंडर 1100 रुपए तक क्यों मिल रहा है। क्यों पेट्रोल और डीजल के रेट 100 रुपए तक पहुँच गए हैं। हिंसाग्रस्त मणिपुर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार भी दौरा नहीं किया। कोरोना महामारी के दौरान ताली-थाली बजाने का क्या फ ायदा हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को इन सारे सवालों के जवाब देश की जनता देने होंगे।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड देश के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है, जिसकी पोल सुप्रीम कोर्ट ने खोल दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी एजेंसियों को दुरुपयोग कर कंपनियों से धन की उगाही की और इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा लिया।

लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर बैठक आयोजित

हामिद

चंबा: लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चुराह शशी पाल शर्मा की अध्यक्षता में आज बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने चुनावों से संबंधित को विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित मतदाता की श्रेणी में 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व दिव्यांग मतदाताओं को द्वारा घर मतदान करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को मतदान दलों की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने को भी कहा। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने हेतु बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के गठन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मिशन 414 के तहत जागरूकता गतिविधियों में दूर दराज के क्षेत्र को शामिल करने तथा प्रभावी जागरूकता गतिविधियां सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए

आपदा में प्रभावितों के साथ खड़ा न होना भाजपा की उपलब्धि: कांग्रेस

चमन शर्मा

शिमला: सातवें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल व मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने भाजपा से पूछा है कि वह आपदा में अपना योगदान प्रदेश की जनता को बताए। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के लोग मुश्किल वक्त से जूझ रहे थे, तो भाजपा नेता कहां गुम थे। आपदा के दौरान पहले भाजपा नेता विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करते रहे और हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव विधानसभा में आया तो भाजपा का कोई भी विधायक प्रभावितों के साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आपदा में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा न होनाए भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। यही नहीं, प्रदेश के भाजपा नेता केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता में रोड़े लटकाते रहे। नंद लाल और मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए अपना खजाना खोल दिया और अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज दिया। उन्होंने कहा कि असहायों का दर्द समझते हुए राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए नियमों में बदलाव किया। बिना केंद्र सरकार की सहायता के

प्रदेश सरकार ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकान की सहायता राशि को 1.50 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए किया। इसके अतिरिक्त बिजली-पानी का कनेक्शन राज्य सरकार फ्री प्रदान कर रही है और घर निर्माण के लिए सीमेंट भी सरकारी दरों पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा कच्चे व पक्के मकान के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर दिए जाने वाले राज्य सरकार ने मुआवजे को बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। उन्होंने ने कहा कि दुकान या ढाबा के नुकसान पर मिलने वाले मुआवजे को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। गऊशाला को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दी जाने वाली राशि को 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त दुधारू पशुओं की क्षति पर मुआवजे को बढ़ाकर 55 हजार, जबकि भेड़ए बकरी की मृत्यु पर मिलने वाली मुआवजा राशि को बढ़ाकर 6000 रुपये किया गया है। नंद लाल और मोहन लाल ब्राक्टा राज्य सरकार ने आपदा के दौरान सेब बागबानों का एक-एक सेब मंडियों तक पहुंचाया। आपदा में जगह-जगह सडकें टूटी हुई थी और सेब को बाजार तक पहुंचाना चुनौती थी, लेकिन राज्य सरकार के प्रयासों से किसी भी बागवान को आर्थिक नुकसान नहीं झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और वर्तमान प्रदेश सरकार की की संवेदनशीलता को दर्शाते हैं।

तुलाराम और संजय की ईमानदारी के कायल हुए लोग

एसपी जैरथ

नाहन: जिला सिरमौर के लोगों में ईमानदारी जिंदा है। इस बात का सबूत यहां के लोग कई बार दे चुके हैं। ताजा मामले में रुखड़ी गांव के लोगों ने एक महिला के पैसों से भरे पर्स को लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। दरअसल, विक्रमबाग की महिला मंजू देवी का पर्स नाहन के समीप दो सडका के पास कहीं खो गया था। पर्स में 10,000 रुपए की नकदी के साथ एक मोबाइल और आधार कार्ड जैसे कई दस्तावेज भी थे। महिला को अपना पर्स खोने का पता तब चला जब वह घर के पास पहुंचीं। इसके बाद वह पर्स खोजने दोसडका के पास उस स्थल पर पहुंचे, जहां वह गाड़ी से बाहर निकले थे। लेकिन यहां पर्स नहीं मिला। मंजू देवी मोबाइल और दस्तावेज खोने से ज्यादा परेशान हो गईं। इसी बीच उनके परिजन को किसी ने फोन पर सूचित किया कि पर्स उनके पास है। इसके बाद रूखडी के तुलाराम और संजय पर्स लेकर नाहन के एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और उन्हें पर्स लौटा दिया। इसमें सभी तरह के दस्तावेज, नकदी और मोबाइल भी था। बता दें कि रूखड़ी नाहन-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर शंभूवाला गांव के साथ सटा है। महिला के देवर रोहित पंडित ने बताया कि रूखड़ी के लोगों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने उनकी भाभी का खोया हुआ पर्स नाहन में लौटाया।

कलाह, न्यांग्रा, उरेई और कलवाडा में मतदाताओं को किया जागरूक

हामिद

चंबा: स्वीप कार्यक्रम के तहत भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों कलाह, न्याग्रा, उरई और कलवाड़ा मतदान केन्द्रों में बीएलओ की अध्यक्षता में व स्वीप के तहत गठित टीमो ने मतदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र

का निर्माण करना है। उन्होंने कहां की मतदान नागरिकों का अधिकार है साथ ही यह एक कर्तव्य भी है मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के प्रति विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई और मतदान करने के लिए शपथ भी दिलवाई इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कालाआम में स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

एसपी जैरथ

नाहन: लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत कालाआम, सैनवाला और सलाणी कटोला पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया और मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम के अवसर पर मतदाताओं को गीत और संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर ष्चूल्हा चोका छाड अड़िए,चल वोट देणे चलिए,

सुण मेरी गल सुण अडिएचल वोट देणे चलिए गीत की प्रस्तुति भी दी गई। मतदाताओं के लिए सिग्नेचर अभियान जो कि 27 मार्च से चलाया जा रहा है जिसमें आज रिकॉर्ड तोड़ 214 व्यक्तियों ने सिग्नेचर अभियान का हिस्सा बनकर मतदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। हिमालय संस्थान कालाआम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के 171 प्रबुद्ध मतदाताओं ने मतदान में सहभागिता की शपथ ली और पूरी ऊर्जा जोश एवं विवेक के साथ इस उत्सव में भागीदार बनने का निर्णय किया। नाहन क्षेत्र में स्वीप के नोडल अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है उसमें मुख्यत मोगीनंद औगली रामपुर जटान, नागल सकेती, आमवाला, सैन वाला, मोहलिया कटोला और सैलानी के मतदान केंद्रों को कवर करते हुए तीन पंचायतो में स्वीप गतिविधियों का प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाना है।

भाजपा नेता अनाप-शनाप बयानबाजी से लोगों को कर रहे गुमराह: संजय

चमन शर्मा

शिमला: मुख्य संसदीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में हो रहा विकास भाजपा नेताओं को रास नहीं आयाए इसीलिए उन्होंने धन की ताकत का इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश की। कांग्रेस सरकार से एक साल के विकास का हिसाब मांगने वाले भाजपा के नेता यह भूल गए है कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में अव्यवस्था का आलम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के लोगों से किए गए सभी वायदों को पूरा कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का ही काम किया। भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं को नौकरियां जॉब ऑन सेल के



आधार पर दी जा रहीं थीं। जबकि कांग्रेस सरकार ने इस व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना को शुरू किया। योजना के पहले चरण में युवाओं को ई-टैक्सी चलाने के लिए 50 प्रतिशत उपदान पर परमिट उपलब्ध करवाने की पहल की गई। हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निजी भूमि पर 100 से 500 किलोवाट तक सोलर पैनल लगाने के लिए भी 50 प्रतिशत उपदान की व्यवस्था की गई है। योजना को विस्तार प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को जहरमुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अंतर्गत लगभग 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड? का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का ही यह परिणाम है कि पर्यटन, ऊर्जा, निर्माण और आवास जैसे क्षेत्रों के माध्यम से युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। प्रदेश में सीधी भर्ती के माध्यम से भी युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने हमेशा ही युवाओं और प्रदेश के लोगों के हितों की अनदेखी की है जबकि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लोगों को भ्रष्टाचारमुक्त, संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करना सुनिश्चित किया। सरकार की योजनाओं से हो रहे सभी वर्गों के संतुलित विकास और वंचित वर्गों के उत्थान से भाजपा के नेता बौखलाहट में हैं और इसलिए अनाप.शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

नाहन में तीन बच्चियों का एक साथ जन्म, पिता ने कहा देवियां आई नवरात्र में

एसपी जैरथ

नाहन: जिला सिरमौर के डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चियों को जन्म दिया है। प्रसूता नैनीधार पंचायत के गांव कलोग की रहने वाली है। सबसे खास और बड़ी बात यह है कि महिला की नॉर्मल डिलीवरी हुई है। महिला के पति मदन सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी की डिलीवरी नॉर्मल हुई है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने जुड़वा बच्चों के बारे में पहले ही बताया था। साथ ही ये भी कहा था कि बड़े

अस्पताल में डिलीवरी करवाएं। लिहाजा, वह एक माह पहले नाहन आ गए और यहीं अपने भाई के पास रहने लगे। उसकी पत्नी को बुधवार रात डिलीवरी पैन शुरू हुई। इसके बाद वह पत्नी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां सुबह 7 बजे उनकी पत्नी ने 3 बेटियों को जन्म दिया। मदन ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है और उसके तीन देवियां नवरात्र में आई हैं। उसने बताया कि उसके पास पहिले भी तीन बेटियां हैं। बता दें जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं।

उसका परिवार काफ ी खुश है। उधर, मेडिकल कालेज नाहन की स्टाफ नर्स सुलक्षणा ने बताया कि डिलीवरी सुबह करीब सवा 7 बजे हुई। महिला ने 10 से 15 मिनट के अंतराल में एक-एक कर तीन बेटियों को जन्म दिया है।

महिला उत्थान के लिए जो कार्य मोदी सरकार ने 10 वर्षा में किये वो कांग्रेस नहीं कर पाई: बिंदल

आत्मनिर्भर

8 स्वयं सहायता समूहों को भारी मात्रा में सहयोग करते हुए एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया गया

लिहांटू/चमन शर्मा

रामपुर/शिमला: रामुपर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि महिला उत्थान की दृष्टि से जो कार्य नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार ने विगत 10 वर्षा में किये वो कांग्रेस पार्टी 50 वर्षों के शासन में भी नहीं कर पाई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूहों को भारी मात्रा में सहयोग करते हुए एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया गया और 4 करोड़ बहनों को इस आगामी समय में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से सर्विस सैक्टर में शामिल करते हुए आत्मनिर्भर करने का प्रयास जारी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वकांक्षी योजना को चलाकर जनसंख्या अनुपात को बराबर करने में अहम भूमिका निभाई गई है। महिलाओं को सिविल ऐवियेशन सैक्टर में, रक्षा क्षेत्र में, वायु सेना में, नेवी में महत्वपूर्ण स्थान देते हुए महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। लोकसभा व विधान सभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान करना बदलते भारत की नींव साबित होगा। डा. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने और इनके इंडी गठबंधन के साथियों ने महिला आरक्षण विधेयक को अटकाया, लटकाया व भटकाया जिसके कारण 40 वर्ष पहले जो विधेयक पारित होना चाहिए था वह न हो पाया और इसका सम्पूर्ण दोष कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और स्व. राजीव गांधी को जाता है और इसे पारित कराने के लिए देश नरेन्द्र भाई मोदी का सदा आभारी रहेगा।डा. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के मान बिन्दुओं के साथ खिलवाड़ किया। देश के इतिहास को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। भारत के महान नेता महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज, रानी झांसी, बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, स्वतंत्र वीर सावरकर सरीखे बलिदानियों के बलिदान को नकारते हुए केवल नेहरू-गांधी परिवार को सारा यश और कीर्ति देते हुए देश के इतिहास को विकृत किया।

कलश यात्रा के साथ गुग्गा मंदिर में भागवत कथा शुरू

कलश स्थापना

8 कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: गुग्गा मंदिर मोहड़ा में कलश स्थापना के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक अंकुश शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है। इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है, प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

संक्षिप्त खबरें

शादी मुबारक

बिलासपुर सुंगल की पूनम और बरमाणा के राहुल के परिणय सूत्र में बंधने पर ढेरों शुभकामनाएं।

बिलासपुर भगेड़ के मुकेश और कुहमंझवाड़ की शिवानी के परिणय सूत्र में बंधने पर ढेरों शुभकामनाएं।

अद्वैता फाउंडेशन ने मरीजों को दी 35 हजार की सहायता

राजन पुरी

ऊना: अद्वैता फाउंडेशन ऊना गंभीर हालत के दो अलग अलग मरीजों के लिए 35 हजार की आर्थिक मदद की है। शुक्रवार को अद्वैता फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने ऊना की कैंसर पीड़ित नरेश कुमारी को 20 हजार, तो रीढ़ की टूटी हड्डी रोग से जूझ रहे चड़तगढ़ के संजीव कुमार को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। अद्वैता फाउंडेशन की चेयरमैन मोनिका सिंह ने बताया कि ऊना के वार्ड सात की निवासी 51 वर्षीय नरेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय किशन लाल चौधरी गाल ब्लेडर कैंसर से जूझ रही है। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। पीजीआई में नरेश को कीमो थेरेपी के लिए परामर्श मिला है। प्रति कीमो के लिए 20 हजार के करीब खर्च आ रहा है। कुल पांच कीमो बाकी है। इस इलाज में परिवार आर्थिक तंगी होने के कारण असमर्थ है। कम से कम एक लाख की नरेश को जरूरत कीमो थेरेपी के लिए है। जब अद्वैता फाउंडेशन ऊना को पता चला तो नरेश कुमारी की बेटी कुसुम की मौजूदगी में 20 हजार रुपये का चेक इलाज के लिए सौंपा गया है। साथ ही कुसुम को नौकरी देने का वादा भी किया गया है। दूसरा पीड़ित परिवार जिला के चड़तगढ़ का है। स्थानीय संजीव कुमार राज मिस्त्री संग दिहाड़ी मजदूरी करते समय तीन वर्ष पहले पैड से नीचे आ गिरा। जिसके चलते उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह बिस्तर पर आ गया। पीजीआई में ऑपरेशन हुआ। लेकिन बिस्तर पर लेटे संजीव को पीठ पर बैड सोर हो चुके हैं। घर में कमाने वाला अब कोई नहीं है।

एमएमयू मेडीकल कॉलेज में डिवाइस क्लोजर विधि से दिल का छेद बंद किया

मनीष

सोलन: बच्चों और वयस्कों में दिल के छेद की समस्या अब परेशानी का सबब नहीं बनेगी। एमएमयू मेडिकल कॉलेज में दिल के छेद बंद करने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। धरमपुर निवासी 52 वर्षीय राजेंद्र ने पैरों में सूजन एवं सांस फूलने के लिए मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डा शशांक पांडे से संपर्क किया। इकोकार्डियोग्राफी व अन्य जांचों से पता चला कि रोगी दिल में छेद से ग्रस्त है जिस कारण हृदय का दाएं हिस्सा फैल गया है। इस रोग को मेडिकल भाषा में एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट कहते हैं। डा. शशांक पांडे, डा आरुष बंसल एवं टीम ने बिना चीरे के डिवाइस क्लोजर माध्यम दिल का छेद बंद किया। मरीज अब स्वस्थ है और हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

विनय ने सिविल सर्विसिज परीक्षा में हासिल किया 824 रैंक

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: मन में कुछ भी हासिल करने की यदि प्रबल इच्छा हो तो सच्ची लगन और कड़ी मेहनत इन सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाती है। मुश्किल तब तक ही है जब तक करने की ठान न ली जाए। जिला बिलासपुर के घुमारवीं के गांव पदोहड़ी (गाहर) के विनय कुमार ने आल इंडिया सिविल सर्विसिज एक्जामिनेशन मे 824वां रैंक हासिल कर अपने हुनर का लोहा मनवाया है। बचपन से ही शिक्षा को अपना सब कुछ मानने वाले विनय कुमार को घर से ही शैक्षणिक माहौल मिला। पिता जेआर भारद्वाज हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल एजूकेशन विभाग से एचओडी पद से सेवानिवृत त हुए हैं जबकि माता आशा कुमार रावामपा कुठेड़ा हमीरपुर में प्रवक्ता ;हिंदीद्ध पद पर सेवाएं दे रही हैं। इनकी बड़ी बहन शिवानी राजकीय बहुतकनिकी कालेज हमीरपुर में सिविल इंजीनियरिंग की प्रवक्ता है और विनय कुमार आजकल हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग में प्रोसेस इंजीनियर पद पर कार्यरत हैं। विनय कुमार की प्रारंभिक शिक्षा एसडी स्कूल हमीरपुर में हुई जबकि जमा दो में इन्होंने प्रदेश वरियता में तीसरा स्थान हासिल किया था। एनआईटी हमीरपुर से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की तथा सिल्वर मैडलिस्ट रहे। पीईसी चंडीगढ़ से पर्यावरण अभियांत्रिकी कर गोल्ड मैडल विजेता रहे। सिविल सर्विसिज में यह इनका चैथा प्रयास था। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए विनय कुमार ने कहीं भी कोई अतिरिक्त कोचिंग कक्षाओं का सहारा नहीं लिया। कोरोना काल से पूर्व कोशिश की थी लेकिन एक माह के बाद लॉकडाउन ने दुनिया को दरवाजे के भीतर कर दिया। लेकिन विनय कुमार ने इसे बेहतर मौके के तरह लिया और स्वत ही पढ़ाई करने के लिए स्वयं को किताबों में झोंक दिया। दो बार एचएएस की कोशिशों के बाद नतीजतन सिविल सर्विसिज में यह मुकाम पाने में विनय कुमार सफल रहे। जिम और बैडमिंटन खेल का शौक रखने वाले विनय कुमार सेल्फ स्टडी के पुरोधा हैं तथा इन्होंने साबित भी कर दिया कि इधर उधर भटकने से बेहतर खुद और खुद की स्टडी करनी चाहिए। किसान स्वर्गीय कृष्णुराम व प्रेमी देवी के पुत्र जेआर भारद्वाज ने शिक्षा के महत्व को अर्सा पहले ही समझ लिया था तथा परिवार के उत्थान के लिए शिक्षा को ढाल बनाकर कड़ी मेहनत की। जेआर भारद्वाज का कहना है कि शिक्षा हर सफलता की कुंजी है तथा अपने भविष्य को उज्जवलता की ओर ले जाने के लिए शिक्षा अहम रोल अदा करती है।

पंचायत के विकास कार्य कई महीनों से पड़े हैं ठप्प: विकास पटियाल

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हैं जोकि हमीरपुर जिला से हैं बड़े शर्म के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे ब्लॉक बिझडी में मुख्य 6 पद पिछले 4 महीनों से खाली पड़े हैं पंचायत के विकास कार्य ठप पड़े हैं आम जनता को इसके बीच परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हम सब सुखविंदर सिंह सुख जी से पूछना चाहते हैं कि बिझडी.ब्लॉक ने क्या गुनाह किया है। कि वहां पर कर्मचारी और अधिकारियों की कमी पाई जा रही है मुख्यमंत्री चुनाव में व्यस्त चलते हमीरपुर जिले को नजरअंदाज कर रहे हैं यदि ऐसा ही चला रहा तो वह कैसे आम जनता के बीच में वोट मांगने आएंगे इससे प्रतीत होता है कि वह हमीरपुर जिले के प्रति कितना दायित्व समझ रहे हैं तो जैसे कि आम जनता बोल रही है कि यह सुख की सरकार नहीं दुख की सरकार है। यह कथन सत्य का निर्देश दे रहा है यदि मुख्यमंत्री के अपने जिले में ही खंड का यह हाल है तो बाकी जिलों की क्या हालत होगी उन्होंने पहले भी कोई कसर नहीं छोड़ी है बहुत से कार्यालय जो कि पिछली सरकार ने खोले थे उनको डी नोटिफ ई भी किया है। भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी विकास पटियाल, भारतीय जनता पार्टी जिला सचिव श्याम सिंह ढटवालिया एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला हमीरपुर के उपाध्यक्ष कमलेश ढिल्लों किसान मोर्चा प्रवक्ता जिला हमीरपुर रवि कानूगो को महामंत्री युवा मोर्चा मंडल बड़सर युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ओबीसी मोर्चा महामंत्री गुरदेव सिंह किसान मोर्चा सचिव अवतार सिंह भारतीय जनता पार्टी बड़सर मंडल के सचिव सोमदत्त शर्मा, जनक राज उपाध्यक्ष भाजयुमो बड़सर सदस्य अविनाश शर्मा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सभी वर्ग दुखी: कश्यप

हमारा देश एक मजबूत राष्ट्र बन के उपग्रह है: कश्यप

चमन शर्मा

रोहड़ू/शिमला: भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में 6 जनसभाओं को संबोधित किया। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होते हुए किसी देश की हिम्मत नहीं कि भारत पर आंख भी उठाकर देख ले आज भारत एक शक्तिशाली देश बनकर उभरा है और यह केवल इसीलिए संभव है क्युकी हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक मजबूत राष्ट्र बन के उपग्रह है। आज के वर्तमान समय में जम्मू कश्मीरए उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में भी आंतरिक सुरक्षा बड़ी है पूरे देश से गुंडाराज समापन की ओर बढ़ रहा है और आज देश के बड़े-बड़े गुंडे स्वयं कह रहे हैं कि हमें जेल में डाल दो क्योंकि जेल ज्यादा सुरक्षित है। उन्होंने कहा की बिजली बोर्ड से रिटायर कर्मचारी मांगें पूरी न होने की वजह से नाराज चल रहे हैं। वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सभी वर्ग दुखी है और अपने हकों का इंतजार कर रहे हैं। बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मेडिकल के लंबित बिल का भुगतान नहीं हो पाया है। कर्मचारी लगातार सरकार के समक्ष यह मांग उठाते रहे हैं, लेकिन इसका समाधान समय रहते नहीं हो पाया। यह सरकार पिछले 15 महीने में कुछ नहीं कर पाई है केवल मात्र जनता को झूठे सपने दिखा रही है।

वोट की अपील

8 प्रधानमंत्री मोदी के होते हुए किसी देश की हिम्मत नहीं कि भारत पर आंख भी उठाकर देख ले आज भारत एक शक्तिशाली देश बनकर उभरा

उन्होंने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि मुझे पूरी आशा है कि आप एक बार फिर कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को जलाएंगे।

अरिहंत स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

लगभग 125 अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने ओरिएंटेशन को एक सफल आयोजन बना दिया

एसपी जैरथ

नाहन: शिक्षा समर्पित शिक्षकों, प्रेरित छात्रों और उच्च उम्मीदों वाले उत्साही अभिभावकों के बीच एक प्रतिबद्धता है। इसी सोच के साथ एआईएस, नाहन के स्कूल परिसर में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगभग 125 अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने ओरिएंटेशन को एक सफल आयोजन बना दिया। स्कूल की निदेशक प्रधानाचार्या दविंदर के. साहनी ने अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें संस्थान में प्रचलित उच्च शैक्षणिक मानकों से परिचित कराया। उन्होंने स्कूल के दृष्टिकोण और मिशन को साझा किया। शिक्षकों जो किसी भी शिक्षा प्रणाली का हृदय हैं का परिचय अभिभावकों से कराया गया। नेहा राठौर ने अभिभावकों को स्कूल के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी दी। शैक्षिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिससे अभिभावकों को पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति का पता चला।स्कूल ने माता-पिता से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं और इस बात पर भी जोर दिया कि शिक्षण स्कूल में किया जाना चाहिए और माता-पिता को बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के साथ हाथ मिलाने की जरूरत है। अभिभावकों को उन ऐप्स से भी परिचित कराया गया, जिनका उपयोग शिक्षक स्मार्ट कक्षाओं के दौरान करते हैं।एआईएस माता-पिता को बहुत सम्मान देता है और उन्हें हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने में अमूल्य भागीदार मानता है। माता-पिता को अपने बच्चों की उचित देखभाल और मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षित करने में स्कूल द्वारा किया गया ओरिएंटेशन कार्यक्रम एक ईमानदार प्रयास साबित हुआ। इससे माता-पिता को अपने बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए उपयुक्त अनुवर्ती पद्धति की पहचान करने में भी मदद मिली।

अगर देश में कांग्रेस होती तो कल्याणकारी राशि में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती: भारद्वाज

'भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह देख यह साफ है की देश के तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही बन रहे'

विजय समयाल

धर्मशाला: भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने नूरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह देख यह साफ है की देश के प्रधानमंत्री तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही बन रहे है। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गया था। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है तो गरीब तक मात्र 15 पैसे ही पहुंचते हैं, इसलिए जनता को पहचानना होगा कि वह कौन सा पंजा है जो बीच में पैसे का गबन कर लेता है। कांग्रेस और भ्रष्टाचार का पुराना नाता है और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। भाजपा के पीएम मोदी ने कांग्रेस की इस लूट की व्यवस्था पर ताला लगा दिया है। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस वर्षों में 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो कांग्रेस इन 34 लाख करोड़ में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है और ये सिर्फ जनता के अपार समर्थन के कारण ही संभव हुआ है। इस बार भी जनता कांगड़ा से भाजपा को भारी मतों से जिताएगी और केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा की लूट की दुकान बंद होने के कारण ही कांग्रेस आज मोदी को गाली दे रही है। लेकिन कांग्रेस ये नहीं जानती है कि देश की कोटि-कोटि जनता और माताएं-बहनें मोदी का रक्षाकवच बन कर खड़ी हुई हैं।

मेहर सिंह बने पधर किसान मेला कुश्ती विजेता

खेमचंद शास्त्री

मंडी: जिला स्तरीय किसान मेला पधर में गुरुवार को कुश्ति का दंगल लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। भारी संख्या में लोग छिंज मेला का लुत्फ उठाने मेला पंडाल पहुंचे। दंगल में लगभग 150 के करीब स्थानीय और पड़ोसी राज्य का पहलवानों ने भाग लिया। तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल ने बतौर मुख्यति शिरकत की। इससे पूर्व लखतादा पीर की जलेब शिव मंदिर पधर से बाजार होते हुए मेला ग्राउंड पहुंची। मुख्यतिथी के साथ दर्जनों गणमान्य लोग साथ रहे। पधर मेला में कुश्ति का दंगल करीब 2:30 बजे शुरू हुआ। दंगल 8:30 बजे संपन्न हुआ। छिंज मेला का फाइनल रोचक मुकाबला जो दोनों हरियाणा के पहलवान मेहर सिंह और रमन के बीच लड़ा गया। लगभग 45 मिनट के लंबे मुकाबले में मेहर सिंह विजेता रहे। विजेता को 11 हजार के नकद इनाम और माली से सम्मानित किया उपविजेता रमन को 10 हजार की ईनामी राशि दी गई। तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल ने दोनों पहलवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष एडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर, डीएसपी पधर दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार पधर विकास कौंडल, कुश्ती दंगल आयोजक बुद्धि सिंह, केहर, सिंह, प्रेम सिंह, कुश्ती दंगल कमेटी सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'महिलाओं को जनवरी 2023 से 1500 रुपये देने की थी गारंटी, किसने रोकी थी कांग्रेस सरकार को'

चमन शर्मा

शिमला: कांग्रेस नेताओं की सबसे बड़ी दुविधा, किस मुंह से जाएं वोट मांगने, इसी वजह से चुनाव लडने से टल रहे उसके नेता सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने समेत अन्य गारंटियों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर एक जनवरी 2023 से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने की गारंटी दी थी। अपनी इस गारंटी को लेकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि उन्हें अपने वादे के अनुरूप महिलाओं को यह पेंशन देने से किसने रोका था। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार लगभग 16 माह के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। उसकी दुविधा यह है कि किस मुंह से वोट मांगने जनता के पास जाएं। इसी वजह से उसके नेता चुनाव लड? से इंकार कर रहे हैं। कांग्रेस की झूठी गारंटियां ही उसे ले डूबेंगी। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने 10 गारंटियां दी थीं। सत्ता में आने पर अपनी गारंटियां पूरी करने के बजाए उसने भाजपा की पूर्व सरकार द्वारा जनहित में खोले गए 1000 से

अधिक संस्थान बंद कर दिए। महिलाओं को एक जनवरी 2023 से प्रतिमाह 1500 रुपये देने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सवा साल तक चुप्पी साधे रखी। अब लोकसभा चुनाव में उसने महिलाओं से दोबारा फ ॉर्म भरवाकर उन्हें ठगने का प्रयास किया। कांग्रेस की नीयत में खोट को देखकर ही भाजपा ने इस पर आपत्ति जताई। अब कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की 1500 रुपये की पेंशन रोक रही है, लेकिन सवाल यह है कि उन्हें जनवरी 2023 से महिलाओं को यह पैसा देने से किसने रोका था। वे यह भी कह रहे हैं कि जून 2024 में महिलाओं को दो माह के 3000 रुपये एक साथ दिए जाएंगे, लेकिन वे बताएं कि उसकी गारंटी के लिहाज से इससे पहले के 16 माह के पैसे कहां गए। जाहिर है कि यह भी केवल चुनावी शिगूफा है। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर केबिनेट की पहली बैठक में युवाओं को एक लाख नौकरियों की गारंटी भी दी थी, लेकिन अभी तक एक भी युवा को नौकरी का तोहफा नहीं मिल पाया है। किसानों और पशु पालकों से 80 व 100 रुपये प्रति लीटर की दर से दूध और 2 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीदने तथा 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसी अन्य गारंटियां भी पूरी नहीं हुई हैं। इस अवधि में सरकार 15 हजार करोड़ रुपये का ऋण ले चुकी है। यह सारा पैसा उसने अपनी ऐश.परस्ती पर ही खर्च किया है। अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाने की वजह से कांग्रेस नेता जनता से वोट मांगने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

एसडीएम ने कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र में चलाया जागरूकता अभियान

जागरूकता

8 टीम अर्की द्वारा अंबुजा सीमेंट प्लांट दाड़लाघाट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

मनीष

सोलन: हिमाचल प्रदेश में प्रथम जून, 2024 को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल के नेतृत्व में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम अर्की द्वारा अंबुजा सीमेंट प्लांट दाड़लाघाट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यादविंदर पाल ने बताया कि दाड़लाघाट के रौड़ी मतदान केंद्र में पिछले चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके दृष्टिगत इस क्षेत्र में अधिक मतदाता जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि मत प्रतिशत में बढ़ौतरी की जा सके। उन्होंने अंबुजा सीमेंट प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कामगारों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर एक वोट लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती और सुदृढ़ता के लिए जागरूक मतदाता अहम भूमिका अदा करता है। यादविंदर पाल ने रौड़ी मतदान केंद्र में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए अंबुजा सीमेंट प्लांट में कार्यरत सभी योग्य मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने तथा मतदान वाले दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करने का संदेश दिया।

ग्रीन ऐवन्यू कॉलोनी में 9वां विशाल धर्म सम्मेलन 21 से

राजन पुरी

ऊना: जिला मुख्यालय के साथ लगते ग्रीन ऐवन्यू कॉलोनी रक्कड़ में 9वां विशाल धर्म सम्मेलन व महायज्ञ का आयोजन 21 से 28 अप्रैल तक होगा। जानकारी देते हुए संचालक स्वामी अंबिका भारती महाराज व स्वामी मनीषा भारती महाराज ने बताया कि श्री श्री 1008 स्वामी वेद भारती महाराज जी की परम शिष्य स्वामी विश्व भारती महाराज की अध्यक्षता में आयोजित 8 दिवसीय धार्मिक समागम की शुरूआत 21 अप्रैल रविवार से होगी। सुबह 8 से 9 बजे तक प्रतिदिन श्री शिवमहापुराणा पूजन होगा, तो वही सायं 3 से 7 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा होगी।

जब अचानक रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के डिब्बे में लगी आग

रेलवे स्टेशन पर मॉकड्रिल का किया गया था आयोजन, यात्रियों को आगजनी की घटना से सावधानी बरतने के बारे में दी गई जानकारी

काबू पाया

8 अग्निशमन विभाग को जानकारी दी और विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया

मनीष

सोलन: सोलन रेलवे स्टेशन पर दोपहर बाद शुक्रवार को हडकंप मच गई जब रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगने का मामला सामने आयाए रेलवे विभाग ने तुरंत इसको लेकर अग्निशमन विभाग को जानकारी दी और विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया इस दौरान एक व्यक्ति को इसमें चोटें आई जिसे प्राथमिक उपचार देने के बाद क्षेत्रीय अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। बता दें कि आज अग्निशमन विभाग द्वारा फायर सेफ्टी वीक के तहत एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था इसका उद्देश्य ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को आग लगने के दौरान किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए इसके बारे में जागरूक करना था। अग्निशमन विभाग की टीम लगातार स्कूलों फैक्ट्री और शहर के बाजारों में लोगों को आग लगने की घटनाओं के बारे में जागरूक कर रही है। फायर स्टेशन इंचार्ज सोलन कमलजीत तंवर ने बताया कि फ ायर सेफ्टी वीक के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन आज रेलवे स्टेशन सोलन पर किया गया था जहां पर यह दशार्या गया कि एक ट्रेन के डिब्बे में आग लगी है और उसे पर काबू पाते हुए यात्रियों की जान की सुरक्षा करते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया और इसमें एक व्यक्ति को चोटें आई जिसे प्राथमिक उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल विभाग की टीमों द्वारा भेजा गया। उन्होंने कहा कि समय.समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल का आयोजन उनके द्वारा इस सप्ताह में किया जा रहा है ताकि लोग आगजनी की घटनाओं से सावधानी बरत सके। वहीं सोलन रेलवे स्टेशन के इंचार्ज ने जानकारी देते बताया कि आज अग्निशमन विभाग के सहयोग से एक मॉक ड्रिल यहां पर आययोजित की गई जिसका उद्देश्य यात्रियों को आग लगने की घटना के दौरान सावधानियां बरतने के बारे में जानकारी देना था।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की गारंटी, 4 जून के दिन होगा ऐतिहासिक: राजीव

मनीष

सोलन: भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र भी जारी किया है सोलन में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव सैजल ने भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत के संकल्प पत्र का ब्लूप्रिंट बताया है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं से लेकर महिलाओं, गरीबों से लेकर किसानों के विकास के लिए हर जरूरी कदम उठाने का संकल्प भी

है। राजीव सैजल ने कहा कि यदि आज देश आगे बढ़ रहा है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही बदौलत है। आजादी के बाद यदि ऐसा नेतृत्व देश को मिलता तो आज देश कहीं और होता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर गरीब की थाली सस्ती भी हो और पोषण युक्त भी हो। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र किसी भी तरह के तुष्टिकरण की बजाय देशवासियों के संतुष्टीकरण के लक्ष्य को पूरा करता है। देश का एम्बिशन ही मोदी का मिशन है ।राजीव सैजल ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत की गारंटी हैं। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी हैं, जिसके पूरा होने की 24 कैरेट गारंटी है।

रामपुर में अवैध शराब सहित एक काबू

राजन पुरी

ऊना: जिला मुख्यालय के साथ लगते रामपुर में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम वीरवार रात्रि को रामपुर में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली, जिससे अवैध शराब की चार बोतल बरामद हुई। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर गणेश कुमार निवासी वार्ड नंबर चार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारत के पहले स्वदेश में विकसित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा ने 1000 सर्जरियों की उपलब्धि हासिल की

चंडीगढ़: भारत के पहले सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स दुनिया भर के मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी को किफायती एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कंपनी ने आज बताया कि एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से 1000 रोबोटिक सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा चुका है जो एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है ।पहले एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम को जुलाई 2022 में नई दिल्ली के रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट में इंस्टॉल किया गया था। 2 सालों की छोटी सी अवधि में एसएसआई मंत्रा को देश भर भर में और दुबई में 30 से अधिक अस्पतालों में इंस्टॉल किया जा चुका है ।इसे विश्वविख्यात जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी,बाल्टीमोर,यूएसए में भी अध्यापन और प्रशिक्षण के लिए इंस्टॉल किया गया है। एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक एवं चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव, जिन्हें रोबो डॉक्टर भी कहा जाता है के अनुसार यह देखकर अच्छा लगा है कि मामूली सी शुरूआत के बाद हमारी टीम के समर्पण और प्रयासों तथा देश एवं दुनिया भर के सर्जनों के सहयोग से हमारे आधुनिक एसएसआई मंत्रा सिस्टम ने 1000 सफल सर्जरियों की उपलब्धि हासिल कर ली है। मैं सभी के प्रति आभारी हूं जिन्होंने सभी के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड की किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं को देश भर के मरीजों के लिए सुलभ एवं किफायती बनाने के हमारे दृष्टिकोण में योगदान दिया है ।ये सुविधाएं आज उन लोगों के लिए सुलभ हो रही हैं जो आधुनिक देखभाल से वंचित थे ।30 से अधिक इंस्टॉलेशन्स और 1000 सफल सर्जरियों के साथ हमने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है। मेरा मानना है कि एसएसआई मंत्रा में अगले कुछ सालों के दौरान भारत एवं दुनिया का सबसे ज्यादा काम में आने वाला सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनने की क्षमता है। एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम भारत में निर्मित पहला सर्जिकल सिस्टम है और दुनिया का एकमात्र सिस्टम है जो कार्डियक सर्जरी सहित विभिन्न प्रकार की सर्जरियों को किफायती एवं सटीक बनाता है। एसएसआई मंत्रा रोबोटिक सिस्टम को भारत, इंडोनेशिया और हाल ही में ग्वाटेमाला में में विनियामक अनुमोदन मिला है। एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम को 50 से अधिक विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं में मान्यता दी गई है।

पंजाब के श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर पिकअप पलटी, 9 बच्चे समेत 19 घायल

राजन पुरी

ऊना: ऊना-हमीरपुर हाईवे स्थित समूर खुर्द में डबल डेकर पिकअप की अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार 19 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें 9 बच्चें शामिल है। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस व स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। जहां से दो बच्चों को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। जबकि अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। पिकअप में सवार श्रद्धालुओं से मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब के अमृतसर के रहने वाले 19 श्रद्धालु पिकअप गाडी को डबल डेकर बनाकर बाबा बालक नाथ माथा टेकने के लिए गए थे। घर वापिसी लौटते समय समुर खुर्द के समीप तीखे मोड़ पर चालक रफ्तार पर काबू नहीं रख पाया। ब्रेक फेल होने के चलते पिकअप ट्राला बीच सडक पलट गया और हादसे में सभी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जगह पर

दर्दनाक

8 चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके की तरफ दौड़े और उन्होंने श्रद्धालुओं को संभाला।

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके की तरफ दौड़े और उन्होंने श्रद्धालुओं को संभाला। तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सभी लोगों को अस्पताल शिफ्ट किया गया।

क्षेत्रीय अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास चौहान ने बताया कि घायलों में दो श्रद्धालु बच्चों की हालत ज्यादा नाजुक है, जिन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल के वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। चिकित्सक घायल श्रद्धालुओं की हालत पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को लेकर जांच कर रही है।

चारों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी बसपा

राजन पुरी

ऊना: बहुजन समाज पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रत्याशियों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जहां पार्टी के केंद्रीय समन्वयकों में पूर्व सांसद राजाराम, पूर्व सांसद अवतार सिंह करीमपुरी, केंद्रीय समन्वयक दयाचंद और प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बाहड़ी भी मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान बहुजन समाज पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को उतारने का ऐलान किया गया। साथ ही साथ इन प्रत्याशियों के नाम पर भी चर्चा हुई। हालांकि बहुजन समाज पार्टी ने अभी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं किया है।

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के पास युवक की संदिग्ध मौत

राजन पुरी

ऊना: ऊना के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह के समीप जंगल में एक युवक का शव पेड़ पर लटकता हुआ बरामद किया गया है। मृतक युवक की पहचान नवदीप गंगर पुत्र मक्खन सिंह निवासी भोड़ा तहसील गढ़शंकर जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में की गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है, जबकि घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू से इस मामले की जांच कर रही है। युवक किसके साथ यहां पर आया कब आया इन तमाम चीजों

के सवाल अभी भी पुलिस के सामने खड़े हैं, जिनको लेकर मृतक के परिजनों से काफी जानकारी हासिल हो सकती है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने पीरनिगाह मंदिर के पास वाले जंगल के बीच खेर के पेड़ पर इस युवक के शव को लटकते हुए पाया। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पंचायत प्रतिनिधियों को दी और मामले के संबंध में पुलिस को भी सूचित किया गया। जानकारी मिलते ही थाना सदर प्रभारी मनोज बलिया दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। युवक के शव के पास पुलिस ने एक हैंडबैग भी बरामद किया, जिसकी तलाशी देने पर उसमें से मोबाइल फोन और कुछ अन्य सामान मिला है। मोबाइल के कवर के बीच पुलिस ने एक आधार कार्ड बरामद किया, जिसके आधार पर मृतक की पहचान नवदीप गंगर निवासी गढ़शंकर जिला होशियारपुर के रूप में हुई। हालांकि आधार कार्ड पर छपी फोटो काफी पुरानी लग रही है, जिसके चलते पुलिस मृतक का ही आधार कार्ड होने का भी दावा नहीं कर रही। पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद के जरिए इस मामले का पूरी तरह पटाक्षेप करने का प्रयास कर रही है।

जयराम ठाकुर बनकर रह चुके है मंडी सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के स्पोक्सपर्सन: जेठी

मनीष

सोलन: शुक्रवार को सोलन के निजी होटल में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुशल जेठी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने जमकर भाजपा पर तंज कसे। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और चुनाव होने जा रहे हैं इसके लिए कांग्रेस तैयार है। वहीं उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को ओपीएस को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए कहा कि जयराम ठाकुर गिरगिट की तरह बदलना शुरू हो चुके है उन्होंने हाल ही में दिए गए बयान में कहा कि वे ओपीएस के खिलाफ नहीं थे लेकिन ये वहीं

जयराम ठाकुर है जिन्होंने विधानसभा में कर्मचारियों को पेंशन के लिए चुनाव लड? की चुनौती दी थी। वहीं कुशल जेठी ने कहा कि आज जयराम ठाकुर सिर्फ मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के स्पोक्सपर्सन बनकर रह चुके है और उन्हे ही शेल्टर कर रहे है।

वहीं उन्होंने शिमला लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप पर तंज कसा है

कि 5 साल सुरेश कश्यप कही नही दिखें जनता तो जनता आज उनके नेता ही उन्हें पहचान नही रहे है,

ये इसीलिए हो रहा है क्योंकि सुरेश कश्यप 5 साल तक कुछ नही कर पाए है और आज उनकी हालत ये हो गई है कि वे सिर्फ मोदी के नाम लेकर उन्हें वोट करने की बात करते नजर आ रहे है, लेकिन शिमला लोकसभा सीट की जनता सुरेश कश्यप को इन चुनावों में जवाब देने वाली है।

भाजपा हमीरपुर का अनुसूचित जनजाति सम्मेलन आयोजित

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर: भारतीय जनता पार्टी के हमीरपुर का अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधियों का सम्मेलन हमीरपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी और पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने शिरकत की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना था।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को मिल रहा अधिकार

विधायक आशीष शर्मा ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन

में कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि सभी का आशीर्वाद लेने का मौका इस कार्यक्रम में मिला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, डॉ बीआर अम्बेडकर जैसी कई ऐसी शख्शियत रहीं हैं जिन्होंने पिछड़े वर्ग से आने के बावजूद अपने ज्ञान व हुनर का परचम लहराया। अगर रामायण पढने या सुनने को मिलती है तो वो वाल्मीकि जी के कारण सम्भव हुआ है। प्रभु श्री राम के वैभव, मयार्दा व सूर्यवंशी होने का पता वाल्मीकि जी की रामायण से चलता है। डॉ अम्बेडकर ने देश को संविधान दिया। जिस पर आज पूरा देश चल है। विधायक ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो सरकार चली है। वह काबिले तारीफ है। मुख्यमंत्री बनने के बाद आज दिन तक मोदी ने कोई छुट्टी नहीं ली और देशसेवा में लगे हुए हैं। मेरा भी सौभाग्य है कि भाजपा परिवार में शामिल हुआ हूं। मोदी के नेतृत्व में विकास के यज्ञ में आहुति डालने का अवसर उन्हें भी मिला है। उन्होंने कहा कि जाति से नहीं इंसान कर्म से पहचाना जाता है। समाज का कल्याण तभी सम्भव है सब सभी एकजुट होकर आगे बढ़ें। समाज के वंचित और पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा के साथ जोडना भाजपा का ध्येय है और यह काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार अनुराग ठाकुर को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाएंगे। अगर उनका इस्तीफा भी मंजूर होता है तो विधानसभा उपचुनाव भी साथ होंगे। जहां केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनेगी वहीं प्रदेश में भी भाजपा सरकार आसीन होगी। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कहा भाजपा ने महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए एक मंच दिया। उषा बिरला ने बताया कि भाजपा ने गरीबों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जिसमें अनुराग ठाकुर द्वारा चलाई गई संसद मोबाइल सेवा हजारों लोगों को लाभ पहुंच चुकी है।

चुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशी देखकर ही मैदान में उतरेगी हाई कमान: रायजादा

राजन पुरी

ऊना: ऊना के पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के चयन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव में समय है और कांग्रेस पार्टी विचार मंथन करने के बाद हर सीट पर सबसे मजबूत प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति के तहत काम कर रही है। शुक्रवार को ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सतपाल रायजादा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सोच विचार करने के बाद ही प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में

उतारती है और इस वक्त भी कांग्रेस हाई कमान प्रत्याशी को लेकर गहन विचार मंथन कर रहा है, ताकि मजबूत और जिताऊ कैंडिडेट को चुनाव में उतार कर पार्टी को मजबूत किया जा सके।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 6 विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव को लेकर भी भाजपा पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस से बगावत करने वाले सभी लोगों को टिकट देकर भाजपा ने जो जल्दबाजी दिखाई है, कांग्रेस की ऐसी संस्कृति कभी नहीं रही।

न्यूज फ्लैश

'विवादित जमीन के मामलों को अधिकारी निपटने का करें प्रयास'

पानीपतः उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्वामित्व की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जमीन के विवादित मामलों को लेकर अधिकारी तन्मयता से कार्य करें। ज्यादातर मामलों को अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने जिले में स्वामित्व को लेकर वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली व इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य में अधिकारियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है तभी जिला बेस्ट ऑफ फाइव में अपना नाम शामिल कर पाएगा। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, सीटीएम टीनू पोसवाल, निगम एडिशनल आयुक्त नरेंद्र पाल मालिक, निगम आयुक्त मनी त्यागी, डीडीपीओ विशाल पाराशर, तहसीलदार बिजेंदर गिल बिजेंदर गिल सौरभ शर्मा अनिल शर्मा के अलावा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री, नितिन यादव आदि मौजूद रहे।

जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने गाजियाबाद

में आयोजित किया अपना मेगा सर्विस कैंप

गाजियाबाद। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन गाजियाबाद में, विशेष रूप से इस क्षेत्र में 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होगा।

सर्विस कैंप ईवी ट्रेड्स झए-10 19, मेरठ रोड, डीपीएस गाजियाबाद स्कूल, गाजियाबाद में आयोजित होगा। कैंप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को वाहन की व्यापक जांच और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदलने की सुविधा होगी। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों की जांच के मूल्यांकन के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, विनिमय मूल्य (एक्सचेंज वैल्यू) का आकलन करने के लिए अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वालों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र होगा।पहले चरण के सर्विस कैंपों की सफलता के मद्देनजर जावा को उम्मीद है कि जून के अंत तक लगभग 10,000 बाइक की सर्विसिंग हो सकती है। इस पहले इन कैंप में 6250 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों की सर्विसिंग हो चुकी है। जावा आने वाले महीनों में देश भर के कई शहरों में मेगा सर्विस कैंप (दूसरे चरण) का आयोजन करेगी। अगला शिविर नागपुर, देहरादून, फरीदाबाद और इंदौर में आयोजित किया जाएगा। यह पहल ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने और बेजोड़ स्वामित्व का अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

सोनिया अग्रवाल ने की महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में भिवानी, रेवाड़ी तथा सोनीपत जिला के महिला उत्पीडन से संबंधित 09 मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 08 मामलों में से 05 मामलों का आपसी सहमति से मौके पर किया निपटारा करवाया। इसके अलावा 03 मामलों में मामलों में एफआईआर, दोबारा जांच तथा सोनीपत से संबंधित एक मामले में पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतकर्ता के साथ 07

मई को सुनवाई के लिए पंचकुला कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

वाइस चेयरपर्सन ने जनसुनवाई के दौरान रेवाड़ी जिला की रहने वाली ज्योति, विक्की यादव, सुनीता, मेनका, निर्मला की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर दोनों पक्षों की बात सुनी और उनको समझाते हुए सभी शिकायतों पर दोनों पक्षों का आपसी समझौता करवाया। इसके अलावा भिवानी जिला से सुमन देवी की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले की दोबारा जांच करवाएं ताकि जांच से शिकायतकर्ता संतुष्टद हो सके। भिवानी जिला की मोनिका की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए वाइस चेयरपर्सन ने उनके पति के खिलाफ महिला उत्पीड? से संबंधित एफआईआर करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सोनीपत जिला से संबंधित एक मामले में शिकायतकर्ता उपस्थित नहीं हो पाया, जिसको लेकर वाइस चेयरपर्सन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 07 मई को दोनों पक्षों के साथ पंचकुला कार्यालय में पहुंचे। महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला की घरेलू हिंसा, दहेज की मांग, मानसिक उत्पीडन, धोखाधड़ी को लेकर महिला आयोग के पास कोई भी शिकायत आती है तो आयोग तुरंत उसपर कार्यवाही करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कदम उठाता है, ताकि महिलाओं पर किसी प्रकार का अत्याचार न हो सके। इस मौके पर महिला आयोग से सहायक गीता, लिपिक अंकुर भारद्वाज, प्रभजोत तथा अमृत पाल सहित संबंधित जिलो के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने दिलाई मतदाता शपथ

टीम एक्शन इंडिया

पानीपतः लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को जिला में उत्साह का माहौल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय के साथ-साथ जिला के सभी विभागों में मतदाता शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई और आमजन से अपील की कि वे आगामी 25 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और जिले की मतदान प्रतिशतता को बढ़ाएं। मतदाता शपथ का यह कार्यक्रम सभी सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अर्ध सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं, प्रतिष्ठानों इत्यादि में आयोजित किया गया और करीब 5 लाख लोगों ने शुक्रवार को मतदाता शपथ ली। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व देश का सबसे बड़ा पर्व है और हम सब ने इसमें भागीदार निभानी है। 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में किया गया पहला रेंडमाइजेशन

टीम एक्शन इंडिया

पानीपतः लोकसभा 2025 के आम चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहे। अपनी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निर्वहन करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र तरीके से करने को लेकर अपनी जिम्मेदारियां को समझे व उनका शुद्ध रूप से पालन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को चेताया कि चुनाव में पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आचार संहिता का शुद्ध रूप से पालन करते हुए चुनाव में अपनी ड्यूटी निभाये मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए और गंभीर होने की आवश्यकता है। स्वीप जैसे कार्यक्रम इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसको लेकर इन कार्यक्रमों में रुचि ले व लोगों को खास तौर पर युवाओं को जागरूक करें व चुनाव का महत्व क्या है इस पर प्रकाश डालें वह चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना, ज्योति मित्तल सीटीएम टीनू पोसवाल, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

'दिल्ली फतेह दिवस समागम में समूची टीम करेगी शिरकत'

टीम एक्शन इंडिया

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा दिल्ली फतेह दिवस समागम में संस्था की समूची टीम प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में शिरकत करेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा इस बारे माता गुजर कौर को समर्पित २४१वां दिल्ली फतेह दिवस लाल किला के मैदान में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत देर सायं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, मैंबर सर्वजीत सिंह विर्क, सर्वजीत सिंह नागी, हरविंदर सिंह संधू को साथ लेकर दिल्ली फतेह दिवस का न्यौता देने के लिए पहुंचे थे। बता दें कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध,

वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति सदस्य टीपी सिंह को निमंत्रण पत्र देते हुए दिल्ली कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने कहा कि खालसा फौज द्वारा दिल्ली फतेह दिवस सिख इतिहास के स्वर्णिम पल हैं। इस बार माता गुजर कौर को समर्पित २४१वां दिल्ली फतेह दिवस २७ एवं २८ अप्रैल को मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि २८ अप्रैल को जरनैली फतेह मार्च सजाया जाएगा, जबकि लाल किला के मैदान में उत्साहपूर्वक यह समागम मनाया जाएगा। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सिंह व कार्यकारिणी समिति टीपी सिंह ने इस समागम में पहुंचने का आश्वासन दिया है। स्पोकसमैन ने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि मार्च १७८३ में खालसा फौज के बाबा बघेल सिंह जी, जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया, सरदार जस्सा सिंह रामगढि?ा, तारा सिंह एवं महा सिंह शुकरचकीया ने अपनी फौज के साथ मिलकर दिल्ली फतेह करते हुए खालसाई निशान लहरा कर नया इतिहास बनाया था। इसलिए हरियाणा कमेटी इस समागम में शिरकत करेगी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं के मैनेजर हरविंदर सिंह दनौली, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर के मैनेजर प्रीतम सिंह, सहायक सुपरवाईजर वजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, गुरबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः आजाद यूथ मोर्चा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा दहिया कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ दहिया कॉलोनी सिथित गली नंबर 3 में कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह दहिया कॉलोनी से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो भर्मण करते हुए वापिस कथा स्थल में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई ।इस अवसर पर कथावाचक परम श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज पंहुचे । इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा

का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक परम श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक कृष्ण दहिया प्रधान ने बताया कि दहिया कॉलोनी में 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा।

27 अप्रैल को सुबह हवन यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवीण दहिया, संदीप शर्मा, राम यादव, दीपक पांचाल, मंजीत दहिया, देवेंद्र कुहाड़, मोहित राठी, सूरत राजपूत, दीपक दलाल, दीपक सोनी, उत्तम भनवाला, सुरेंद्र तोमर, रविकांत जांगड़ा, बलराम दहिया, दीपक दहिया, सुशिल जांगड़ा, अजय छिकारा, वीरेंद्र सिंह, अनिल मलिक आदि भक्तगण एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

अनाज मंडियों में लिफ्टिंग मे तेजी लाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

पानीपतः जिले की सभी अनाज मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसल की लिफ्टिंग में तेजी लाने को लेकर जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में सभी प्रशासनिक अधिकारियों, मार्केट कमेटी सचिव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व गेहूं की खरीद कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रविवार तक जिले की सभी 12 मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण चाहते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मार्केट कमेटी सचिव इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करें। जो कमेटी सचिव इसमें रुचि नहीं लेंगे उन्हे कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को इस कार्य को लेकर और गंभीर होने की आवश्यकता है। जिले मे लिफ्टिंग का कार्य मंदा होने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने कहा कि एजेंसियों व मार्केट कमेटी की जिम्मेदारी बनती है कि वो पॉइंट बना कर पुलिस की व्यवस्था बनाए व जाम की समस्या न होने दें। जिन मंडियों में लिफ्टिंग की गति धीमी है उसे मार्किट कमेटी सचिव गति प्रदान कर रविवार तक लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करें।

आईजीयू में मतदाता शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया

संजय शर्मा

नारनौल। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता शपथ दिलाकर सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने सभी युवा विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें सभी नागरिकों को ईमानदारी के साथ एवं निर्भीक होकर

राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुशांत यादव ने सभी शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदान के सदुपयोग करने के बारे में शपथ दिलवाई।

शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस की टीमो द्धारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को,

विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।शुक्रवार को महिला निरीक्षक पवना राणा की टीम ने राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल ज्योतिसर व राजकीय मॉडल संस्कृति सिनियर सैकंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया । लड़कियों को सम्बोधित करते हुए निरीक्षक पवना राणा ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। निरीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है।

मानवता के कल्याण में रक्तदान पुण्य का कार्यः प्रोफेसर सोमनाथ

टीम एक्शन इंडिया

कुरुक्षेत्रः

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए रक्तदान करना बडे.पुण्य का कार्य है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र व दिव्य कुरुक्षेत्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में क्रश हॉल में आयोजित एकदिवसीय रक्तदान

शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि मनुष्य को मानवता के कल्याण हेतु सामाजिक दायित्व का निवर्हन करते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकें।कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य सही रहता होता है तथा इससे दिल की बीमारियों व स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है तथा नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि कई बार जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान के लिए लोगों को आगे आकर अपनी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। रक्तदान शिविर में केयू शिक्षक डॉ. रमेश कैत, डॉ. अजय जांगड़ा, विभाग प्रचारक संजय, एनसीसी कैडेट्स सहित कई लोगों व विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान एलएनजेपी हस्पताल के डॉक्टर्स व उनकी टीम ने विशेष भूमिका निभाई।इस मौके पर वात्सल्य वाटिका के संस्थापक हरिओम दास परिव्राजक बतौर मुख्यातिथि, डॉ. मुकेश अग्रवाल महासचिव इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ मुख्यातिथि, विनोद कौशिक जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र बतौर विशिष्ट अतिथि, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद, सह-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. वीरेन्द्र पाल, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. नीरज बातिश व डॉ. संगीता उपस्थित रहे। इस शिविर में उपासना, रविकांत, अंकित, प्रदीप, अमित, जतिन, विक्रम, पवन, रवि, बंटी, अर्पित, खुशी राम ने विशेष योगदान दिया।

जिले की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

टीम एक्शन इंडिया

पानीपतः रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 143202 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 130054 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 20405 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 59433 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 47917 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 2299 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस वीरवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 3208 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 2263 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 11225 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 8750 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 5660 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 17431 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 33870 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 1011 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 17532 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 40162 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 1816 मीट्रिक टन, उरलाना में 274 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है। आदित्य कौशिक ने बताया कि गेहूं की खरीद सुचारू रूप से करवाने के लिए सभी अनाज मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न हो।

संपादकीय

कांग्रेस को बदलनी होगी नीति

लोकसभा चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2019 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी का जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनाव में जनता जवाब तो देगी ही। कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह हारे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है।

रामनवमी पर भी हुई जमकर राजनीति

मृत्युंजय दीक्षित

"कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया, जयश्रीराम को साम्प्रदायिक नारा बताया, पहले राम मंदिर पर निर्णय टालने और फिर भूमि पूजन समारोह को रोकने का प्रयास किया किन्तु आज यह इतने मजबूर हो गये हैं कि कहने लगे हैं कि प्रभु श्रीराम तो सबके हैं किंतु उसमें भी उनके विचारों में विकृति उभर आती है। रामनवमी के अवसर पर सबसे अधिक असहज बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिखाई पड़ीं। बंगाल सरकार ने दंगों का बहाना बनाकर हिन्दुओं को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जिससे हिंदू संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा जिसने उन्हें अनुमति दे दी"

वर्ष 2024 में 500 वर्षों के पश्चात प्रभु राम के जन्मदिवस का उत्सवउनकी जन्मस्थली पर मनाया गया। इस अवसर पर सूर्यवंशी रामलला के भाल पर स्वयं सूर्यदेव ने अपनी किरणों से तिलक किया ये अद्भुत झ्रअलौकिक क्षण हिन्दुओं के निरंतर संघर्ष और बलिदान के प्रसाद का क्षण था, जिसे देखकर संपूर्ण विश्व का हिंदू मन-मानस भाव विभोर हुआ। सूर्य तिलक का ये क्षण हमारी संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक क्षण है। अयोध्या के दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर में प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक संपूर्ण सनातन हिंदू समाज के कल्याणकारी होने जा रहा है। रामनवमी का पर्व अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। सूर्य तिलक के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी में अपनी चुनावी जनसभा के बाद हेलीकाप्टर में ही अपने टैब पर सूर्य तिलक का सीधा प्रसारण देखा। श्रद्धा भाव में तल्लीन प्रधानमंत्री ने टैब पर प्रभु राम का दर्शन करते समय भी अपने जूते उतार कर रख दिए थे, इस बात पर सभी का ध्यान गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया कि, ह्लमुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है । ये सूर्य तिलक विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

इसके पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने नलबाड़ी की जनसभा में जयश्रीराम, जय सियाराम और राम लक्ष्मण जानकी झ्र जय बोलो हनुमान की, का उद्घोष करवा कर राम लहर को पुनः जीवंत कर दिया। सूर्य की किरणों से जब प्रभु श्रीराम का महामस्तकाभिषेक हो रहा था उस समय अयोध्या ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत का हिंदू समाज उल्लास में डूबा हुआ था। दूर दूर से आ रहे लाखों श्रद्धालु जिनमें धनी-निर्धन, स्त्री- पुरुष,आबाल वृद्ध व समाज के सभी वर्गो के लोग थे, अत्यंत धैर्य, संयम व अनुशासन के साथ अपने प्रभु श्रीराम का दर्शन करने के लिए आतुर थे।लाखों की भीड़ आने के बावजूद किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं हुई । ऐसा लग रहा था कि प्रभु राम के भक्त भी प्रभु श्रीराम की तरह मर्यादित हैं। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की इस महान घटना के दिन को भी, मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति से गले तक भरे हुए राजनैतिक दलों ने अपनी सियासत चमकाने व प्रभु श्रीराम सहित संपूर्ण

हिंदू सनातन समाज की आस्था का उपहास करने का अवसर बना लिया। अयोध्या में कारसेवकों का नरसंहार करने वाली समाजवादी पार्टी के नेता महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि,ह्वरामनवमी को कुछ लोगों ने पेटेंट करा लिया है।ये उनकी बपौती नहीं है। देश में एक नहीं हजारों राम मंदिर हैं। वे यहीं पर नहीं रुके उन्होंने पूजा - पाठ आदि को पाखंड भी कहते हुए पूजा पाठ करने वाले हिन्दुओं को पाखंडी बता दिया। रामगोपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में सब अशुभ हो रहा है आधे - अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई अब बीजेपी के नेता ढोल पीट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह कभी मंदिर नहीं गये, मंदिर में पाखंडी जाते हैं। उधर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत व राजद नेता मनोज झा सहित सभी मुस्लिम परस्त नेता अपने घरों से निकल आए और हिंदू समाज व राष्ट्रनायकों को उपदेश देने लगे । स्पष्ट है घमंडिया इंडी गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से परेशानी हो रही है। श्रीराम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आने के बाद से ही घमंडिया गठबंधन किसी न किसी प्रकार से हिंदू सनातन समाज व आस्था के केन्द्रों का अपमान करता आ रहा है। समाजवादी नेता अखिलेश यादव और राहुल गांधी रामनवमी के दिन गाजियावाबद में प्रेस वार्ता कर रहे थे और उन्होंने केवल एक पंक्ति में रामनवमी की शुभकामना दी और भाजपा की निंदा में लग गये। गाजियाबाद में रहते हुए भी उन्होंने नहीं बताया कि वह अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने कब जाएंगे। अयोध्या में आ रही लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ राहुल गांधी के उन सभी सवालों का जवाब दे रही है जो वह अपनी न्याय यात्रा में जनता से पूछते रहते थे। राहुल गांधी हैं अपनी न्याय यात्रा में आरोप लगाते रहे कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़े- बड़े उद्योगपति व स्टार ही दिखलाई पड़े, वहां पर न तो कोई गरीब था न ही किसान किंतु आज उन्हें हर प्रश्न का उत्तर मिल रहा है । अयोध्या में जो लाखों श्रद्धालु भगवान राम का दर्शन करने आ रहे हैं उनमें गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार, महिलाएं, दलित, पिछड़े- अतिपिछड़े कौन नहीं हैं? यहाँ तक कि मुस्लिम समाज के लोग भी दर्शन करने लिए पहुंच रहे हैं। अयोध्या आ रही सभी ट्रेनें पूरी तरह से भरी हुई हैं। कांग्रेस, सपा, बसपा, आम अदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी और दक्षिण के द्रमुक सभी दलों ने मंदिर निर्माण के समय तरह तरह के आरोप लगाए। जब मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा था तब भाजपा व संघ को चंदा जीवी कहा गया। जब घर- घर अक्षत अभियान चलाया गया तब उस पर विकृत बयानबाजी की। कोर्ट में जाकर मंदिर निर्माण रोकने का प्रयास किया । आज यही सनातन विरोधी तत्व राम मंदिर बन जाने से आहत हैं क्योंकि ये इस विवाद की आड़ में मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति को चमकाये रखना चाहते थे।

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया, जयश्रीराम को साम्प्रदायिक नारा बताया, पहले राम मंदिर पर निर्णय टालने और फिर भूमि पूजन समारोह को रोकने का प्रयास किया किन्तु आज यह इतने मजबूर हो गये हैं कि कहने लगे हैं कि प्रभु श्रीराम तो सबके हैं किंतु उसमें भी उनके विचारों में विकृति उभर आती है।

रामनवमी के अवसर पर सबसे अधिक असहज बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिखाई पड़ीं । बंगाल सरकार ने दंगों का बहाना बनाकर हिन्दुओं को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जिससे हिंदू संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा जिसने उन्हें अनुमति दे दी। भड़की ममता ने रामनवमी के पवित्र अवसर पर अंग्रेजी में एक पंक्ति का एक्स (ट्वीट) पोस्ट किया और लिखा, ह्लमेन्टेन पीस ह्व आजकल ममता बनर्जी के मुंह से केवल एक ही शब्द निकलता है दंगा, दंगा और दंगा। नितांत आपत्तिजनक भाषण देते हुए ममता ने कहा कि वे लोग (हिन्दू) आयेंगे किंतु आप सभी (मुस्लिम) को बिल्कुल कूल- कूल रहना है। अपने भाषणों से ममता बनर्जी मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार कर रही हैं। ममता बनर्जी की बोई नफरत का ही परिणाम था कि मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में रामनवमी पर बम फेंके गये जिसमें 20 लोग घायल हो गये। सनातन विरोधी दल एक झूठा नैरेटिव और भी चला रहे थे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करवा दी है उसका उन्हे दंड मिलेगा किंतु अब समय बदल चुका है इन दलों ने जिस प्रकार अयोध्या में दिव्य मंदिर का उपहास उड़ाया अब उसका सूद सहित बदला लेने का समय सनातन समाज के पास आ चुका है। मतदान का समय आ गया है, समस्त हिंदू समाज को ठान लेना चाहिए कि अबकी बार उन्हीं को लाना है जो प्रभु श्रीराम को लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में सनातन का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक उत्थान की लहर चल रही है। अयोध्या में दिव्य राम मंदिर प्रगति पर है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम सहित समस्त वाराणसी का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल लोक का विकास हुआ है ।

सभी तीर्थस्थलों को रेलवे व हवाई सेवाओ के साथ लगातार जोड़ा जा रहा है। जहां कोई सपने में भी मंदिर बनवाने की बात नहीं सोच सकता था ऐसे अबूधाबी में मोदी जी एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करके आये हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने 11 दिनों का अनुष्ठान किया और रामायणकाल से जुड़े सभी मंदिरों की यात्रा की। सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाने वाले अनेक संकल्प भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में रखे हैं।

कविता

खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे!

पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे !
गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे !

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रखकर भी, क्यों हैं इतनी दूरियां,
नजदीक आइये,थोड़ा तुझमें बिखर जाएंगे।

जरा हम पर नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
दूर होकर भी तेरे जज्बातों में नजर आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तेहाँ हो गई शायद,
थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर जाएंगे।

संजीव

कमलनाथ को अनाथ करने की मुहिम

राकेश

एक निशान और एक विधान की बात करने वाली भाजपा इस समय मध्यप्रदेश में लोकसभा की छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए न केवल पूरी पार्टी की बल्कि प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा बैठी है। यहां से कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कमलनाथ कांग्रेस के उन नेताओं में से एक हैं जो राजनीति में अजेय रहकर चुनावी राजनीति से बाहर खड़े भाजपा को खीजते देख रहे हैं। मध्यप्रदेश में लोकसभा की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव हो रहा है। एक सीट का चुनाव बसपा प्रत्याशी के निधन की वजह से स्थगित हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में [2019] भाजपा ने कांग्रेस के अजेय युवा नेता और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को ठीक जिस तरह घेरकर पराजित किया था,उसी तरह से इस बार भाजपा के निशाने पर नाथ परिवार है । सिंधिया अब भाजपा में हैं। कांग्रेस मप्र की प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट को अपने खाते में डालने के लिए पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को पार्टी में शामिल करने जके लिए उतावली थी ,लेकिन ऐन मौके पर पार्टी में उठे विरोध की वजह से ये काम। हो नहीं पाया। अब भाजपा नकुलनाथ के बहाने कमलनाथ की राजनीतिक विरासत को छीन लेना चाहती है। मध्यप्रदेश में अकेली छिंदवाड़ा सीट ऐसी है जहां दिलचस्प चुनाव हो रहा है। यहां एक तरफ भाजपा की अक्षोहिणी सेना है और दूसरी तरफ कमलनाथ अकेले हैं। कमलनाथ 1980 से छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते आ रहे हैं और पिछले 44 साल में एक उप चुनाव को छोड़ कमलनाथ यहां से सदैव विजयी रहे। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 9 बार जीता और जब खुद चुनाव नहीं लड़े तो एक बार अपनी पत्नी अलकानाथ को और एक बार अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जितवाया। 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी छिंदवाड़ा ने नाथ परिवार को ही चुना। छिंदवाड़ा ने अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से केवल एक बार भाजपा को मौका दिया था 1997 में लेकिन बाद में अपनी गलती सुधार ली।

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राजगढ़ सीट भी है लेकिन भाजपा का फोकस केवल और केवल छिंदवाड़ा पर है।भाजपा इस बार राजगढ़ की कीमत पर छिंदवाड़ा सीट जीतना चाहती है ,क्योंकि भाजपा के भाग्यविधाताओं को लगता है की मध्यप्रदेश में अब कमलनाथ ही कांग्रेस के सबसे सम्पन्न और ताकतवर नेता बचे है। उन्हें राजनीति से बेदखल किये बिना मध्यप्रदेश से कांग्रेस को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। कमलनाथ के मुकाबले दिग्विजय सिंह भाजपा को कम खतरनाक नेता लगते है। वैसे भी भाजपा में कमलनाथ के चिंतक कम दिग्विजय सिंह के ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी कभी भी दिग्विजय सिंह के खिलाफ नहीं गयी और आज भी परोक्ष रूप से ये जोड़ी दिग्विजय सिंह की मददगार मानी जाती है।

विचार

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक

संजीव ठाकुर

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक होते हैं। किसी भी देश में समस्त प्रयासों की रचनात्मक भूमिका होनी चाहिए उसी के फल स्वरुप राष्ट्र का आर्थिक तंत्र मजबूत तथा शक्तिशाली होता है।

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है।

पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

जलवायु परिवर्तन पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण

विजय गर्ग

जलवायु परिवर्तन पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रकृति के साथ सद्भाव के जीवन में लौटने के लिए, हमें अपनी आध्यात्मिक पहचान का एहसास करने की आवश्यकता है कुछ सदियों पहले किसी को भी जलवायु परिवर्तन की चिंता नहीं थी, क्योंकि ऐसा करने का कोई कारण ही नहीं था। लेकिन जैसे-जैसे मनुष्यों ने प्रकृति से अधिक दोहन किया और अत्यधिक जहरीले पदार्थों सहित कचरे की बढ़ती मात्रा को इसमें डाला, पारिस्थितिक संतुलन बाधित होने लगा। यह प्रक्रिया सदियों से तेज हुई है और हमें वर्तमान स्थिति में ले आई है, जहां कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, संपूर्ण मानव जाति शीघ्र ही विलुप्त होने का सामना कर रही है। कभी-कभी जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को भविष्य में होने वाली घटनाओं के रूप में सोचा जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों को इस बात के बढ़ते सबूत मिल रहे हैं कि ग्रह अब बदल रहा है - और इस घटना के लिए लोगों को दोष का एक बड़ा हिस्सा लेना चाहिए। वे आगे बताते हैं कि औद्योगिक और वाहन प्रदूषण, सीएफसी के उपयोग और जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों की लूट के माध्यम से अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया है। इसने अधिक से अधिक सौर विकिरण को पृथ्वी के वायुमंडल के अंदर फँसा दिया है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी गर्म हो रही है जिससे हाल के दिनों में बाढ़, भूकंप, सुनामी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक उथल-पुथल की श्रृंखला शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए इंसानों को खुद पर काम करने की जरूरत है। मनुष्य को प्रकृति पर अधिकार करने की आवश्यकता नहीं है। मानव आत्मा उन सभी भौतिक वस्तुओं का स्वामी है। जब आत्मा स्वयं को शरीर के साथ पहचानने लगती है तो वह पदार्थ और विकारों के प्रभाव में आ जाती है। सतयुग और त्रेता युग में, जब सभी मानव आत्माओं में आत्म-जागरूकता और दिव्य गुण थे, प्रकृति उनकी आज्ञाकारी सेवक थी। प्रकृति के तत्वों ने उस युग में जीवन को सुखमय बना दिया था, जिसे धार्मिक ग्रंथों में स्वर्ग या बैकुंठ के रूप में याद किया जाता है। क्योंकि उस संसार के दिव्य प्राणी विकारों से मुक्त थे, उन्होंने कभी भी प्रकृति का शोषण या विनाश नहीं किया।

अंतर्मन का भाषण

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक मंत्री जी अपने जीवन की अंतिम साँसें गिन रहे थे। उनके पास अधिक समय नहीं था। सो उन्होंने अपने लड़के को पास बुलाया और कहा मुझे नहीं पता कि मैं और कितनी देर जी पाऊँगा। मैं चंद पलों का मेहमान हूँ। तुमने मेरे कई भाषण सुने हैं। ये सभी बाहरी भाषण हैं। इन्हें हर कोई सुन सकता है। लेकिन मैं तुम्हें आज एक भाषण सुनाऊँगा जो तुम्हें बाहर नहीं अपने अंतर्मन में हमेशा दोहराना होगा। यदि तुम इस भाषण का गूढ़ार्थ समझ गए तो तुम्हें किसी चीज की कमी नहीं खट-केगी। सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी। तो ध्यान से सुनो भाइयो और बहनो! मैं सबको हाथ जोड़कर सिर झुकाए प्रणाम करता हूँ। आपको पता है कि मेरे पिता ने किस तरह विश्वास दिलाकर, वोट हथियाकर, विधायक बने, फिर मंत्री बनकर करोड़ो रुपए डकार गए। आपको भनक तक नहीं लगने दी। दूधमुँहे बच्चों के दूध से लेकर पूँजीपतियों को जमीन मंजूर करने तक की हर स्कीम में एक से बढ़कर एक स्कैम किए, इन स्कैमों के चलते जो नाम कमाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। उनका नाम टाइप करने भर से गूगल का सर्च इंजन काँपने लगता है। धरती फटने लगती है। उसी फटी धरती में खुद धरती माँ समाने के लिए मचलने लगती है। सरकार ने मेरे पिता को एक सौ करोड़ रुपए देकर गरीबों के लिए घर बनाने को कहा तो उन्होंने आपको झुग्गी-झोपड़ियाँ बनाकर दी। अब आप पूछेंगे कि वे सौ करोड़ रुपए कहाँ गए, तो मैं उसका पूरा हिसाब लेकर आया हूँ। तो सुनिए, पचास करोड़ में हमारे लिए दिल्ली में सभी ऐशो-आराम वाला गेस्ट हाऊस बनवाया। शेष बचे रुपयों से अपनी रखैल के लिए शॉपिंग मॉल बनवाया। आप लोगों से आऊटर रिंग रोड के नाम पर खेती करने वाली जमीनें छीनकर प्राइवेट कंपनियों के मालिकों को बेच डाला। इतना सब करने के बावजूद किसी ने मेरे पिता को भ्रष्टाचारी कहने की हिम्मत नहीं की। न जाने कितनी हत्याएँ कीं, बलात्कार किए, जमीन हड़पी लेकिन किसी ने चूँ तक नहीं की। बल्कि उनके लिए आप विरोधियों से लड़ गए। चुनाव के समय एक दारू की बोतल, बिरयानी पैकट और एक हरी पत्ती फेंकने पर कुत्तों से भी अधिक दुम हिलाकर विश्वास दिखाने वाली आपकी कला पर हमें गर्व है।

बालों को सफेद करती है गर्मी की तेज धूप, यूं रखें बचाव

अगर आप सोचते है की तेज धूप सिर्फ त्वचा को ही नुकसान पहुंचाती है, तो आप गलत है। गर्मी की तेज धूप आपके बालों को भी डैमेज कर देती है। इतना ही नहीं, धूप के कारण बालों के झड़ने, टूटने और सफेद होने की समस्या हो सकती है। चलिए आपको बताते है कि किस तरह धूप बालों को नुकसान पहुंचाती है और इससे बचने के लिए आपको क्या करना चाहिए।

कैसे नुकसान पहुंचाती है धूप?

दरअसल, शरीर में मेलानिन नाम का तत्व बनता है, जो स्किन को ग्लोइंग और बालों को काला व मजबूत बनाता है। मगर धूप में ज्यादा देर रहने के कारण मेलानिन का काफी मात्रा नष्ट हो जाती है, जिससे आपको बाल झड़ने और सफेद होने की समस्या का सामना करना पड़ता है।

पसीना भी है कारण

गर्मी की तेज धूप के कारण शरीर के अन्य हिस्सों की तरह स्कैल्प से भी पसीना आता है। चूंकि आप बाहर से घर आने पर सिर नहीं धोते, तो वो पसीना बालों की जड़ों में सूखता रहता है। पसीने में सोडियम, जिंक, मैग्नीशियम और अमोनिया होता है, जो बालों को जड़ों से डैमेज कर देता है इसलिए जब आप धूप में ज्यादा घूमते है, तो बाल धीरे-धीरे कमजोर हो जाते है और झड़ने लगते है।

बालों को सफेद भी करती हैं धूप

शरीर में बनने वाले मेलानिन तत्व के कारण बाल काले रहते है, लेकिन धूप में ज्यादा देर रहने पर ये तत्व स्कैल्प से नष्ट होने लगता है। इससे बालों का रंग जड़ों के पास से बदलने लगता है और वो धीरे-धीरे सफेद होने लगते है।

ऐसे करें बालों की देखभाल

- धूप में निकलते समय छतरी या दुपट्टे से बालों को कवर कर लें। आप चाहे तो इसके लिए टोपी का यूज भी कर सकते है। इससे सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें सीधे स्कैल्प तक नहीं पहुंचेगी।
- बाहर से घर आने पर आप हर बात सिर नहीं धो सकते लेकिन पसीने को साफ जरूर कर सकते है। ऐसे में जब भी सिर पर पसीना आए स्कैल्प को अच्छी तरह पोछकर सुखा लें।
- दिनभर में कम से कम 8-9 गिलास पानी जरूर पीएं, ताकि त्वचा के साथ स्कैल्प पर भी नमी बनी रहे।
- गर्मियों में बालों को हफ्ते में कम से कम 2-3 बार शैंपू करें। इसके साथ ही बालों को कंडीशनर लगाना ना भूलें।
- अपनी डाइट में विटामिन ई से भरपूर चीजों को शामिल करें, ताकि आपके बाल जड़ से सेहतमंद रहें।
- रोजाना ऑयलिंग करने से बचें। हफ्ते में 2 बार तेल 2-4 घंटे के लिए छोड़ दें और फिर बालों को माइल्ड शैंपू से धोएं।

खुलकर हंसने के होते हैं ये 7 बेहतरीन फायदे

कम होता है हार्ट अटैक का खतरा

जब हम हंसते हैं तब हमारे दिमाग की तमाम मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं और रक्त संचार तेज हो जाता है। इससे हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचने लगती है।

लाफ्टर को बेस्ट मेडिसिन कहा जाता है। क्योंकि इससे कई तरह की मानसिक समस्याओं का निदान किया जा सकता है। जब हम हंसते हैं, तब हमारे दिमाग की तमाम मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं और रक्त संचार तेज हो जाता है। इससे हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचने लगती है। यह सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा भी खुलकर हंसने के ढेर सारे फायदे होते हैं। आइए, जानते हैं कि ये फायदे क्या हैं-

हार्ट अटैक रोके

हंसने से हृदय की एक्सरसाइज भी हो जाती है। रक्त का संचार बेहतर होता है। हंसने पर शरीर से एंडोर्फिन नामक रसायन निकलता है, जोकि हृदय को मजबूत बनाता है। कुछ शोध बताते हैं कि हंसने से हार्ट-अटैक की संभावना कम हो जाती है।

डिप्रेशन कम करे

तनाव और डिप्रेशन जैसे मानसिक विकार मस्तिष्क में होने वाले रासायनिक उतार-चढ़ाव के कारण होता है। जिसके कारण व्यक्ति बहुत ज्यादा उदास और दिमागी रूप से थका-थका महसूस करता है। इस तरह की समस्या से लड़ने के लिए हंसी एक सबसे बेहतरीन इलाज है। हंसने के कारण तनाव और डिप्रेशन से संबंधित हार्मोन्स का स्राव नियमित रूप से होता है। जिसके कारण व्यक्ति तनाव और डिप्रेशन से मुक्त रहता है।

सोशल डिसऑर्डर से लड़ने में मददगार

मानसिक विकारों का एक प्रकार जिसमें व्यक्ति घर के बाहर जाने, किसी से बात करने या घर के बाहर भीड़ वाले इलाकों में जाने से बहुत ज्यादा घबराता है। इस तरह के विकार में व्यक्ति घर के अंदर अकेला रहना पसंद करता है। इस तरह के मानसिक विकार से लड़ने के हंसी को एक अच्छी औषधि मानी जाती है। इसमें व्यक्ति को लाफ्टर थेरपी दी जाती है, जिसके अंतर्गत उन्हें नाटक, टीवी कार्यक्रम, चुटकुलों या अन्य उन तरीके जिससे कोई व्यक्ति हंसता है, पीड़ित व्यक्ति को इससे हंसाया जाता है।

शांति के लिए

हम जब भी हंसते हैं, तो हमारा शरीर एक एंड्रफिन नामक रसायन छोड़ता है। जो शरीर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके स्राव के कारण हमारा शरीर काफी अच्छा और शांत महसूस करता है।

अच्छी नींद के लिए

रात को ठीक से नींद नहीं आती है तो हंसी आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। हंसने से बहुत ज्यादा मात्रा में मेलाटोनिन नामक रसायन का स्राव मस्तिष्क में होता है जो अच्छी नींद के लिए जरूरी होता है।

हमेशा युवा दिखने के लिए

हर दिन हंसते रहना बेहद अच्छा माना जाता है ऐसा इसलिए क्योंकि हंसने के कारण हमारे चेहरे की 15 तरह की मांसपेशियां एक साथ काम करने लगती है और चेहरे पर रक्त का संचार तेजी से बढ़ता है। जिसके कारण चेहरे पर हमेशा ताजगी और निखार बनी रहती है।

प्रतिरक्षा तंत्र बने मजबूत

एक रिसर्च के मुताबिक ऑक्सीजन की उपस्थिती में कैंसर वाली कोशिकाएं और कई अन्य प्रकार के हानिकारक बैक्टीरिया एवं वायरस नष्ट हो जाते हैं। और हमें हंसने से ऑक्सीजन अधिक मात्रा में मिलती है और इससे शरीर का प्रतिरक्षातंत्र मजबूत होता है।

रेसिपी

काले चना का स्वादिष्ट कबाब

- भीगे हुए चने: ½ कप
- पनीर: ½ कप
- आलू: 1 उबला और छिला हुआ
- घी: 2-3 टेबल स्पून
- तेल: 1 टेबल स्पून
- हरा धनिया: 1 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ)
- हरी मिर्च: 2 (बारीक कटी हुई)
- अदरक: ½ इंच टुकड़ा
- जीरा : ½ चम्मच
- धनिया पाउडर: 1 चम्मच
- गरम मसाला: ½ चम्मच
- अमचूर पाउडर: ½ चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: ¼ चम्मच
- नमक: स्वादनुसार

विधि

पैन में 1 टेबल स्पून तेल डालकर गरम करेंगे। गरम तेल में जीरा डाल कर भूनेंगे। इसके बाद इसमें धनिया पाउडर, बारीक कटा हुआ अदरक और बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालकर मसालों को हल्का सा भून लेंगे। मसाला भून जाने पर इसमें चने डालेंगे। साथ में गरम मसाला, अमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर सारी चीजों को अच्छे से मिलाएंगे। अब इसमें 1/4 कप पानी डालकर नरम होने तक पका लेंगे। आलू और पनीर को कद्दूकस कर लेंगे। चने जब ठंडे हो जाएं तो इन्हें मिक्सर में डालकर पीस लेंगे। पिसे हुए चनों में कद्दूकस किया हुआ पनीर और आलू डालेंगे। 1/2 छोटी चम्मच नमक और थोड़ा सा हरा धनिया डालकर सारी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लेंगे। कबाब बनाने के लिए मिक्सचर तैयार है। कबाब बनाने के लिए मिक्सचर लेकर हाथ से दबा-दबाकर गोल शेप दें। सारे कटलेट्स को ऐसे ही बना लेंगे। नॉन स्टिक पैन में 2-3 टेबल स्पून घी डाल कर एक-एक करके कबाब डालकर उसे धीमी आंच पर फ्राय करेंगे। कबाब को बहुत सावधानी से पलटें। दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन हो जाने पर कबाब को प्लेट में निकाल लीजिए। कबाब को दही, हरे धनिए की चटनी, साथ सर्व करें।

कच्चे टमाटर की सब्जी

- 4 कटे हुए हरे टमाटर
- 2 प्याज
- 1 चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट
- ½ चम्मच जीरा
- ½ चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 हरी मिर्च
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- ¼ चम्मच हल्दी पाउडर
- ½ चम्मच गरम मसाला
- 1 चम्मच हरा धनिया
- 2 बड़े चम्मच देसी घी
- स्वादनुसार नमक

विधि

सबसे पहले हरे टमाटर को धोकर उसे टुकड़ों में काट लें। प्याज को छील कर हरी मिर्च के साथ मिक्सर में पीस लेंगे। अब कड़ाही में घी गरम करके जीरा भूनें। इसके बाद प्याज और हरी मिर्च का पेस्ट डालें। मीडियम आंच पर प्याज को सुनहरा होने तक पकाएं। अब अदरक लहसुन का पेस्ट कड़ाही में डालें और 1-2 मिनिट के लिए पकाएं। इसके बाद कड़ाही में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और 2 चम्मच पानी डाल लें और मसाले को 1 से 2 मिनट अच्छे से भूनें। अब कटे हुए हरे टमाटर और स्वादनुसार नमक डालकर मिक्स कर और 3 से 4 मिनट पकाएं। तैयार है हरे टमाटर की सब्जी, ऊपर से गरम मसाला और हरा धनिया छिड़क कर लंच या डिनर जिसमें भी दिल हो परोसें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवसायिक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापना पर ध्यान भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से काम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी कुचल रहेंगे। शुभांक-1-3-5

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उत्साहवर्धक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। जीवनसाथी से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक दौड़ी पहुंचा लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6

लॉफिंग ज़ोन

मेजर (जवान से) : तुम इतना ज्यादा क्यों पीते हो? तुम्हें खबर है कि अगर तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा होता तो अब तक सूबेदार हो गए होते।

जवान : माफकीजिए सर! आपकी बात तो सोलह आने सच है। मगर बात यह है कि जब दो घूंट मेरे अंदर पहुँच जाते हैं तो मैं अपने आपको कर्नल समझने लगता हूं।

□ □ □

एक बार रमन जवानों की परेड करवाने में बहुत व्यस्त था, उसने गरज कर कहा- सभी जवान अपना-अपना दायाँ पैर ऊपर उठाएं।

बस क्या था, एक जवान ने गलती से बायाँ पैर ऊपर उठा दिया।

यह देख कर रमन जोर से चिल्लाया- ये कौन बेवकूफ है, अपने दोनों पैर ऊपर उठा कर खड़ा है?

□ □ □

चमन (रमन से)- यार! कल तो गजब हो गया। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में मेरी प्रेमिका न जाने कहाँ खो गई थी। मुझे तो लगा जैसे मेरे तो हाथों के तोते उड़ गए।

रमन- उफ्फयार! यह तो बहुत ही बुरा हुआ। वैसे ये तो बता दे कितने तोते थे?

□ □ □

काकुरो पहेली - 4030

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 4029 का हल

सूडोकु 4030

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4029 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

फिल्म वर्ग पहेली-4030

बायें से दायें:-

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
४. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'नींद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली बेबी श्रीफ, अमृतसिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, राखी की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हैंसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अनुकपूर, माला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. हरिशकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली नज़ीर अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संगम की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'नवरंग' में सनी देओल के साथ नायिका कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-३
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-३
३. 'आज गाले मुस्कराले' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, माला की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेंद्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, हैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना मांगू मैं सोना चांदी ना मांगू हीरा मोती' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिम्मी शेरगिल, इरफान, अर्पिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कैसी तो हसीन का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-१,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में शंकर के साथ नायिका-२
२५. राजकिरण, पद्मिनी, विजेता की फिल्म-४
२६. 'ये पास सुन चलो' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शक्तिकपूर, तरुण, शैलना नायडू की फिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. अभिषेक, करीना कपूर की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4029

शब्द पहेली - 4030

बाएँ से दाएँ

1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ-3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे

2. अधिकार-2
3. मां का दुलारा-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. कड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. कूस, मूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. नखरा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते है-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शोषित करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलराम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली 4029 का हल

न्यूज फ्लैश

बड़ूही में मतदाताओं को किया जागरूक

राजन पुरी

ऊना: लोकसभा चुनाव के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा बड़ूही बस स्टैंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। भाषा एवं संस्कृति विभाग ऊना के सौजन्य से पूर्वी कला मंच के कलाकारों द्वारा गीत संगीत नुक्कड़ नाटकों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भाषा एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस तरह के आयोजन जिले के कई भागों में किया जा रहे हैं, जिससे लोग चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित हो सके

जल शक्ति विभाग 25 को लगाया भंडारा

राजन पुरी

ऊना: जल शक्ति विभाग मंडल नंबर एक की ओर से 25 अप्रैल को वाटर सप्लाई स्कीम ऊना में 27वां वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार सुबह 9 बजे हवन पूजा होगी, जिसमें जल शक्ति विभाग वृत ऊना के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, मंडल एक ऊना के अधिशासी अभियंता राजेश शर्मा, सहायक अभियंता ठाकुर होशियार सिंह, सहायक अभियंता मैहतपुर यशवंत सिंह व समस्त जल शक्ति विभाग के कर्मचारी व कमेटी सदस्य हिस्सा लेंगे। वहीं दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू होगा।

बिजली विभाग की कारगुजारी जनता पर पड़ रहीं भारी

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

बिजली की कारगुजारी से मथुरा में जनता परेशान है। विभाग में कोई उपभोक्ता की सुनने को तैयार नहीं है। विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों से जेई और अधिकारी वसूली करा रहे हैं। । नौहझील के व्यापारी टोली मोहल्ला निवासी बुजुर्ग विधवा महिला अपने घर का एक किलोवाट का कनेक्शन कराने ऑफिस पहुंची थी।

यहां लाइनमैन योगेश संविदा पर तैनात है। वह सीएससी पर बैठा मिला। उसने कनेक्शन की रसीद के नाम पर 1800 रुपये लिए। महिला ने जब इसकी रसीद मांगी तो उसे 1306 रुपये की रसीद दी। महिला ने 494 रुपये फालतू लेने का कारण पूछा तो उसने उसे फटकारा। फिर धमकाकर वहां से भगा दिया। महिला ऑफिस पहुंची तो वहीं भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। घटना से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में रोष है। उपखंड पर तैनात जेई अशोक शर्मा ने कहा कि बीच में विद्युत सप्लाई ग्रामीण में दी जा रही थी। उस समय 1306 की रसीद थी। अब विद्युत सप्लाई टाउन में होने वाली है, इसलिए 1800 रुपये लिए गए हैं। वहीं 1306 की रसीद क्यों दी गई, इस पर जेई भी चुप्पी साध गए।

चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो दबोचे

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना गोविंद नगर पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को चोरी की दो मोटर साइकिल (01 कटी हुई) सहित गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त सोहिल पुत्र फारूख निवासी नई बस्ती थाना गोविन्दनगर, मौसिम पुत्र आजाद निवासी नई बस्ती थाना गोविन्दनगर को अमरनाथ स्कूल के पास बने ब्रैकर के पास से चोरी की मोटर साइकिल पेशन प्रो मोटर साइकिल तथा एक कटी हुई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

तीन हत्याभियुक्त किये गिरफ्तार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना हाईवे से हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन नामजद अभियुक्तों को थाना हाईवे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाइवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को

छोटी कोसी तिराहे से कोमल सिंह उर्फ कमल पुत्र शकर लाल हाल निवासी द्वारकेश पुरम थाना हाइवे मथुरा व मूल निवासी ग्राम वुरावई थाना मगोर्रा, कुमर सेन पुत्र शंकर लाल हाल निवासी द्वारकेश पुरम थाना हाइवे मथुरा व मूल निवासी ग्राम वुरावई थाना मगोर्रा, रोहतान पुत्र शंकर लाल उम्र करीब 37 वर्ष हाल निवासी द्वारकेश पुरम थाना हाइवे मथुरा व मूल निवासी ग्राम वुरावई थाना मगोर्रा को गिरफ्तार किया गया।

भैंस चोरी कर ले जा रहे पांच आरोपी पकड़े

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना बलदेव क्षेत्र के गांव भूडा में ग्रामीणों ने भैंस को चोरी कर लादकर ले जाने का प्रयास कर रहे पांच लोगों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

हम सभी लोकसभा व करनाल विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से जीतेंगे: मनोहर लाल

चुनावी रणनीति

8 सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया

चंडीगढ़/ जींद/टीम एक्शन इंडिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दिया जाता था, जबकि आज भ्रष्टाचारी नए-नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी बात बन नहीं रही और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती है। वह आज यहां सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर थे और कार्यकताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम से लोगों की समस्याओं को हल करने का काम किया है। अपने साढ़े 9 साल के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी थी जिसमें या तो पुलिस का केस था या फिर वह कोर्ट में विचाराधीन था।

प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के हो रहे विरोध का असर पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ दबंग किस्म के लोग पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आज भी वह विरोध की राजनीतिक कर रहे हैं।? उन्होंने कहा कि उनके इस विरोध का भाजपा को लाभ हो रहा है, क्योंकि 10 लोग अगर विरोध करते हैं तो सौ नए लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवारों का भी फैसला नहीं कर पाई है, क्योंकि या तो कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं है और जिन सीटों पर कांग्रेस के पास चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग हैं,वहां इतनी मारामारी है कि कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में उतार नहीं पा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवारों के मैदान में आने से पहले ही प्रदेश की जनता इस बात का मन बना चुकी होगी कि उसे कमल पर मोहर लगानी है।

सीमेंट भेजने के नाम पर की दो लाख 60 हजार की ठगी

हिसार/टीम एक्शन इंडिया

साइबर थाना पुलिस ने भवन निर्माण कंसलटेंसी फर्म संचालक से हुई दो लाख 60 हजार रुपए की ठगी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें यूपी के गाजियाबाद निवासी मनीष, मेरठ निवासी मजीद उर्फ माजू और सोहेल शामिल हैं।

जांच अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से एक शिकायत मिली। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बालाजी कंसलटेंसी नाम से फर्म चलाता है। भवन निर्माण का काम करता है। 27 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता के पास शुभम नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से बात कर रहा है तथा सीमेंट की जरूरत के बारे में पूछा। शिकायतकर्ता द्वारा सीमेंट की जरूरत के बारे बताने पर कॉलर ने शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर सीमेंट के रेट और कंपनी का जीएसटी नंबर भेजा। इसके बाद 4 अक्टूबर 2023 को अल्ट्राटैक कंपनी का इनवॉयस भेजकर 25 प्रतिशत एडवांस पेमेंट की मांग की। शिकायतकर्ता ने कॉलर द्वारा दिए गए अकाउंट में 25 प्रतिशत के हिसाब से एक लाख 60 हजार रुपए जमा करवाए।

सोनीपत शुगर मिल 20 अप्रैल के बाद पेराई बंद करेगी

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत शुगर मिल 20 अप्रैल के बाद पेराई बंद करेगी। दि सोनीपत सहकारिता शुगर मिल के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी 20 अप्रैल को 6 बजे तक अपना गन्ना लेकर शुगर मिल पहुंचें, ताकि उस गन्ने की पेराई की जा सके।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान शुगर मिल सोनीपत में अब तक 27 लाख 65 हजार 200 क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। इस गन्ने से इस वर्ष 2 लाख 83 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है।

शुगर मिल द्वारा सभी किसानों को समय पर गन्ने की पेमेंट कर दी गई है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार एक लाख 31 हजार क्विंटल गन्ने की कम पेराई की गई, लेकिन इस वर्ष चीनी का केवल 3 हजार 450 क्विंटल उत्पादन कम है। इस वर्ष शुगर मिल द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में चीनी उत्पादन प्रतिशत ज्यादा रहा है।

सिंगा में 21 को मनाया जाएगा लखदाता पीर जी का जन्मदिन

राजन पुरी

ऊना: हरोली उपमंडल के तहत पड़ते ग्राम पंचायत सिंगा में लखदाता पीर जी का जन्मदिन 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सिंगा के प्रधान ज्ञानी बाबा एवं व गद्दी नशीन बाबा होशियार सिंह अमन ने बताया कि रविवार को हर वर्ष की तरह लख दाता लाला वाले पीर जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसमें पंजाब के मशहूर गायक गुरी धालीवाल पीर जी की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके उपरांत जन्मदिन के उपलक्ष्य पर केक काटा जाएगा। ज्ञानी बाबा ने बताया रात को मंदिर परिसर में ही माता रानी का जागरण करवाया जाएगा, जिसमें कुलदीप माही होशियारपुर एवं गुरप्रीत सोनी रोपड़ माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगे।

आज मथुरा में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को वृंदावन के वैष्णो देवी मंदिर के समीप जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा की तैयारी के लिए भाजपा मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सभास्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वहां प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। अशोक कटारिया ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी आदि इस दौरान मौजूद रहे। दोपहर करीब दो बजे गृह मंत्री का आगमन होगा।

इस दौरान राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया, लोकसभा संयोजक डॉ देवेंद्र शर्मा, सह-संयोजक मुकेश खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता संजय गोविल, महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी, क्षेत्रीय मंत्री विनोद चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल आदि पदाधिकारी एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

यूपीएससी की परीक्षा : ग्रामवासियों ने किया मनीष परिहार का स्वागत

सपना साकार

8 संघ लोकसेवा परीक्षा पास कर मनीष परिहार ने अपने स्वर्गीय ताऊ का सपना साकार किया

फोटो परिचय-संघ लोक सेवा परीक्षा पास करने के बाद अपने ग्राम कचनऊ में मनीष परिहार अपने परिवार के साथ।

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

बलदेव के गांव कचनऊ के किसान परिवार के बेटा मनीष परिहार ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर 734 वीं रैंक हासिल की इस खुशी में परिवार और पूरे ग्राम में जश्न मनाया गया और मिठाई वितरित की गईद्य

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए मनीष परिहार ने बताया कि उनकी इंटर मीडिएट तक पढ़ाई अपने ताऊ स्वर्गीय कोमल सिंह के पास रहकर की और आंखो में आंसू भरकर भावुक होकर बताया कि उनके ताऊ सोनीपत हरियाणा में एक ईंट के भट्टे पर मुनीम का काम करते थे तथा पिताजी ग्राम में खेती बाड़ी का काम करते हैं ताऊजी का सपना था कि वह यूपीएससी की परीक्षा पास कर उनका नाम रोशन करके देश सेवा करेद्य

ग्रेजुएशन आगरा यूनिवर्सिटी से तथा पोस्ट ग्रेजुएशन इग्नू से करते हुए कंपटीशन तैयारी शुरू कर दी इस दौरान सीडीएस की लिखित परीक्षा पांच बार उत्तीर्ण की तथा यूपी पीसीएस की परीक्षा पास कर सब रजिस्ट्रार का पद हासिल किया लेकिन तमाम परीक्षा पास करने के बाद भी नौकरी ज्वाइन नहीं कीद्य 2018 से अपने लक्ष्य यूपीएससी की तैयार में जुट रहे तथा रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ाई करने के बाद महज 25 वर्ष की उम्र में चौथी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर 734 वीं रैंक हासिल कीद्य अपनी सफलता के लिए अपने दादा नारायण सिंह,पिताजी दिनेश परिहार के साथ पूरे परिवार को सफलता श्रेय दियाद्य इस दौरान उनकी दादी त्रिवेणी देवी, ताई सुनीता देवी,माता सरिता देवी,बुआ गुड्डी,शीला सुमन,भाभी सपना,पायल, बहिन भावना,पिंकी,प्रियंका,रूपम, सलौनी,भाई उमेश परिहार,सोनेश परिहार एवम समस्त ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त कियाद्य

नशा मुक्त ऊना बनाने को लेकर नशीली दवाओं के तस्करों पर रहेगी नजर

राजन पुरी

ऊना: उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी के समन्वित प्रयासों पर बल दिया है। उन्होंने पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा और समाज कल्याण समेत संबंधित विभागों को बेहतर तालमेल के साथ जिले में सघन जागरूकता शिविर लगाने और गहन निरीक्षण अभियान चलाने को कहा। उन्होंने जिले में निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि नशीली दवाओं के तस्करों पर की नजर रखें, ताकि वे किसी सूरत में बचने न पाएं। उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो। उपायुक्त राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के तहत बनी जिलास्तरीय समन्वय समिति की शुक्रवार को बचत भवन ऊना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस(एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अपराधियों की गिरफ्तारियों समेत इससे जुड़े विविध पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई । जतिन लाल ने जिले को ड्रग फ्री बनाने की दृष्टि से पुलिस से सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक चौकसी बरतने और सही तालमेल के साथ कार्य करने को कहा। इन इलाकों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर कार्य करें। इसके अलावा उन्होंने जिला थानों के साथ लगते नजदीकी दूसरे जिलों के थानों के साथ भी अच्छे तालमेल पर ध्यान देने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जिले में जागरूकता शिविरों के आयोजन के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने स्कूलों के प्रधानाचार्यों, छात्रों व पर्यटन क्षेत्र से संबंधित सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ नशीली दवाओं की लत के बारे में युवाओं के लिए एक संवेदीकरण कार्यक्रम की योजना बनाने के निर्देश दिए।

जसाना व पिपलू में नशे को लेकर हर घर दस्तक अभियान शुरू

राजन पुरी

ऊना: नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील कल्याण अधिकारी विवेक कुमार द्वारा नशे के खिलाफ हर घर दस्तक अभियान को आगे बढ़ाया गया। ग्राम पंचायत जसाना और पिपलू में हर घर दस्तक अभियान की शुरूआत की। विवेक कुमार ने कहा कि जिलाधीश के निर्देश पर उपमंडल बंगाणा में नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव का विशेष संदेश हर घर दस्तक देकर सब लोगो तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि उन्हें नशा मुक्त ऊना अभियान के बारे में अच्छे से जानकारी मिल पाए। विवेक कुमार ने कहा कि हमे अपने बच्चों के ऊपर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और उसके परिणामों की जानकारी देकर जागरूक करना जरूरी है, ताकि बच्चे नशे से दूर रह पाएं।

एक बूंद खून से बच सकती है किसी की जिंदगी:लोकेश शर्मा

रोहतक/टीम एक्शन इंडिया

क्षेत्र के गांव माड़ौधी जाट्यान स्थित ग्राम सचिवालय में जन चेतना क्लाऊंडेशन टऊस्ट के द्वारा रक्तदान उत्सव एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन टऊस्ट की प्रधान रेनू चहल की अध्यक्षता में किया गया। जन चेतना क्लाऊंडेशन टऊस्ट की कोषाध्यक्ष दर्शना ग्रेवाल नें बताया कि पीजीआईएमएस में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. सदीप क नेतृत्व में आई टीम नें 58 रक्तदाताओं का पंजीकरण करवाया जिसमें से 17 लोगो को टीम के द्वारा अनक्लिट घोषित कर दिया गया जिसके चलते 41 लोग ही रक्तदान कर पाए। प्रधान रेनू चहल नें बताया कि रोहतक के पॉवर हाऊस चौंक स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम नें 74 लोगों का स्वास्थ्य जांचा और निशुल्क दवाईयां एवं परामर्श उपलब्ध करवाया गया।

जन चेतना क्लाऊंडेशन टऊस्ट के सचिव, स्वामी परमानन्द धर्मार्थ टऊस्ट के कोषाध्यक्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा नें कहा कि एक बूंद खून की किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है इसलिए रक्तदान कर दूसरे की जिंदगी बचाएं और अपनी नैतिक और मानवीय कर्तव्यों का निवर्हन करें आज के समय में मानव जीवन संहर्षमय और व्यस्त हो गया है इसलिए सडक दुर्घटना और बीमारी में काक्ती संख्या में ऑपरेशन की आवश्यकता होती है जिसमें रक्त की कमी होने के कारण मनुष्य की मौत हो जाती है इसे रोकनें के लिए रक्त की जरूरत होती है इसलिए लोग खुलकर रक्तदान करें और लोगों को जीवनदान दें।

पं. श्याम सुंदर शर्मा ने की बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील

लोकसभा चुनाव

8 -हमने 35 वर्ष क्षेत्र में फ्री बिजली जलवाई, भाजपा वाले छह महीने जलवादें: श्याम सुंदर शर्मा

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

पं. श्याम सुंदर शर्मा ने टैंटी गांव में हुई चुनावी सभा में लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि यह मेरे मान सम्मान और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। 72 साल की उम्र में आप लोगों से अपील करता हूं कि आप मेरी इज्जत में शामिल रहें और बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को जिताएं। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं उन्होंने देश की आजादी में कोई योगदान नहीं दिया। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर सांसद हेमा मालिनी यह बता दें कि टेंटी गांव कहां है तो वह भाजपा वालों को एक लाख रुपये का इनाम दूंगा। मांट क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमने क्षेत्र में 25 साल फ्री बिजली जलवाई। भाजपा वाले छह महीने ही फ्री बिजली जलवा दें। जनता से अपील की कि ऐसे प्रत्याशी को वोट देकर क्या करोगे, जो मरे में आवे नहीं, गिरे में जावे नहीं, ब्याह में आवे न सगाई में जावे, जो अपने काम न आवे वो कूआं में न जावे। पूर्व मंत्री का यह अंदाज लोगों को खूब पसंद आया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में यूपी और राजस्थान में 11 सीटों पर मतदान हो रहा है इन सीटों पर भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। लोग भाजपा का असली चेहरा देख चुके हैं।

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा कि दस साल से मथुरा सांसद विहीन था, सांसद निधि का पैसा भी लौट कर चला जाता था। यह चुनाव मथुरावासी अपनी अस्मिता के लिए लड रहे हैं। आप मुझे दिल्ली भेजिये आपको लगेगा कि आप दिल्ली गए हैं। आपकी सेवा में दिन और रात रहूंगा, मेरी अपील है कि 26 को हाथी के बटन को दबा कर बसपा को जीत दिलाएं। सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा गोवर्धन सिंह, जिलाध्यक्ष बसपा सत्य प्रकाश कर्दम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरी सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

20 हजार का इनामी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, आरोपी को लगी गोली

मुठभेड़

8 अभियुक्त यूसूफ उर्फ बल्लू के दाहिने पैर में घुटने मे गोली लगने से घायल हो गया था

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम से मुठभेड़ के दौरान हाइवे स्थित ढाबे किनारे खड़े ट्रक को चोरी कर लेने की घटनाओं को कारित करने वाले 20 हजार के इनामिया शातिर अपराधी को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। इस घटना के संबंध में थाना छाता पर मामला दर्ज किया गया था। वांछित 20 हजार के इनामिया अभियुक्त यूसूफ उर्फ बल्लू पुत्र जानू उर्फ जान मोहम्मद निवासी ग्राम बडेड थाना पुन्हाना जनपद नूह हरियाणा को देव दीनबंधु इंटर कॉलेज के सामने दौताना फ्लाईओवर के पहले छाता से कोसी की तरफ एनएच 19 के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा बरामद किया गया है। अभियुक्त यूसूफ उर्फ बल्लू के दाहिने पैर में घुटने मे गोली लगने से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह, एसआई अभय स्वाट टीम प्रभारी, एसआई जगत सिंह थाना छाता, एसआई उत्तम चौहान थाना छाता मथुरा आदि कार्यवाही करने वाली टीम में थे।

मेटा ने सबसे सक्षम लामा 3 एआई मॉडल किया पेश

एजेंसी

नई दिल्ली। मेटा ने एआई युग में अपनी अगली पीढ़ी के ओपन सोर्स लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) लामा 3 को पेश किया। कंपनी ने लामा की अगली पीढ़ी के पहले दो मॉडल लॉन्च किए जो व्यापक उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। कंपनी ने कहा, हम लामा 3 को जिम्मेदार तरीके से विकसित करने के लिए समर्पित हैं, और दूसरों को भी इसे जिम्मेदारी से उपयोग करने में मदद करने के लिए विभिन्न संसाधनों की पेशकश कर रहे हैं। लामा 3 मॉडल जल्द ही एडब्ल्यूएस, डेटाब्रिक्स, गूगल क्लाउड, आईबीएम वॉटसनएक्स, माइक्रोसॉफ्ट एज़ोर, एनवीडिया एनआईएम और स्नोफ्लेक पर उपलब्ध होंगे, और एएमडी, एडब्ल्यूएस, डेल, इंटेल, एनवीआईडीआईए और क्वालकॉम द्वारा पेश किए गए हार्डवेयर प्लेटफार्मों के समर्थन के साथ उपलब्ध होंगे। मेटा ने कहा, आने वाले महीनों में, हम नई क्षमताओं, लंबी संदर्भ विंडो, अतिरिक्त मॉडल आकार और बेहतर प्रदर्शन पेश करने की उम्मीद करते हैं, और हम लामा 3 शोध पत्र साझा करेंगे। जारी किए जा रहे टेक्स्ट-आधारित मॉडल लामा 3 मॉडलों के संग्रह में पहले हैं।मेटा ने कहा, निकट भविष्य में हमारा लक्ष्य लामा 3 को बहुभाषी और मल्टीमॉडल बनाना, लंबा संदर्भ बनाना और समग्र प्रदर्शन में सुधार जारी रखना है। कोई भी काम पूरा करने, सीखने और बनाने के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, मैसेंजर और वेब पर मेटा एआई का उपयोग कर सकता है। कंपनी ने कहा, आप जल्द ही हमारे रे-बैन मेटा स्मार्ट ग्लास पर मल्टीमॉडल मेटा एआई का परीक्षण करने में सक्षम होंगे।

एयर इंडिया का ए350 विमान दिल्ली-दुबई की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया की अत्याधुनिक एयरबस ए350 राजधानी नई दिल्ली से दुबई को जोड़ने वाली अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए तैयार है। एयरलाइन की इस उड़ान की शुरुआत एक मई, 2024 से होगी। इसक बुकिंग शुरू हो गई है।

एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि एयरलाइन अपने अत्याधुनिक एयरबस ए350-900 जेट की पहली उड़ान एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा और एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है। कंपनी ने इन अत्याधुनिक विमानों के लिए दुबई को अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में चुना है, जो आधुनिकीकरण और बेहतर यात्री

अनुभव की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एयरलाइन के मुताबिक एक मई, 2024 से इसकी शुरुआत होगी। कंपनी ने इसके लिए बुकिंग शुरू कर दी है। एयर इंडिया दिल्ली-दुबई अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर अपनी उड़ान संख्या AI995/996 का प्रतिदिन ए350-900 का संचालन करेगी।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आज तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड 2 डॉलर प्रति डॉलर से ज्यादा उछलकर 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में

हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 2.29 डॉलर यानी 2.63 फीसदी की उछाल के साथ 89.40 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 2.25 डॉलर यानी 2.72 फीसदी की बढ़त के साथ 84.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

बजाज ऑटो का शुद्ध लाभ Q4 में बढ़कर 2,011 करोड़ रुपये हो गया, प्रति शेयर 80 रुपये का लाभांश घोषित किया गया

मुंबई। दोपहिया वाहन प्रमुख बजाज ऑटो ने 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए 2,011 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 1,704.74 करोड़ रुपये था।

वाहन निर्माता ने जनवरी-मार्च तिमाही में 11,554.95 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 9,192.73 करोड़ रुपये था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों पर 10 रुपये अंकित मूल्य के

प्रति शेयर 80 रुपये के लाभांश को मंजूरी दी। चौथी तिमाही के नतीजे घोषित होने से पहले बीएसई पर बजाज ऑटो के शेयर 1.61 फीसदी बढ़कर 9,062 रुपये पर पहुंच गए।

इंफोसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 फीसदी बढ़ कर 7,969 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की दूसरी बड़ी सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 30 फीसदी बढ़ कर 7,969 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। इंफोसिस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत लाभ 30 फीसदी बढ़ कर 7,969 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 फीसदी बढ़ कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में

37,441 करोड़ रुपये था। कंपनी शेयरधारकों को कंपनी 28 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देगी।

कंपनी ने बताया कि इंफोसिस का 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ 8.9 फीसदी बढ़ कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 24,095 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन आय 4.7 फीसदी बढ़ कर 1,53,670 करोड़ रुपये हो गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,46,767 करोड़ रुपये रही थी। इंफोसिस ने बताया कि कंपनी को स्थिर विनिमय दर के आधार पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है।

इंफोसिस के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रति शेयर 20 रुपये का अंतिम लाभांश देने के साथ आठ रुपये प्रति शेयर के विशेष लाभांश देने की सिफारिश की है। इस तरह शेयरधारकों को कंपनी 28 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देगी। इसके अलावा कंपनी ने 45 करोड़ यूरो में जर्मनी की कंपनी इन-टेक में 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की है। यह सौदा पूरी तरह से नकद में होगा।

सोना 250 गिरकर 73,700 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी स्थिर

एजेंसी

मुंबई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, वैश्विक बाजारों में पीली धातु की दरों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर से गिरकर 250 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।पिछले सत्र में कीमती धातु 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, «दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले 250 रुपये कम है।»हालांकि, चांदी की कीमतें 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं।बुधवार को रामनवमी के अवसर पर कमोडिटी बाजार बंद थे।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,375 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 13 अमेरिकी डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की तीखी टिप्पणी के बाद इस संकेत के कारण कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को कम करने में अपेक्षा से अधिक समय लेगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई।हालांकि, चांदी मामूली बढ़त के साथ 28.25 डॉलर प्रति औंस पर थी। पिछले सत्र में यह 28.20 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था. मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव से सोने में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद है। स्थिति में वृद्धि की स्थिति में, डॉलर को समर्थन मिल सकता है, जिससे सोने की कीमतें गिर सकती हैं।एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, इसके विपरीत, अगर ईरान और इज़राइल के बीच तनाव कम होता है, तो सोने में मुनाफावसूली हो सकती है, जिससे संभावित रूप से कीमतें 69,500 रुपये तक गिर सकती हैं।

उच्च बांड प्रतिफल के कारण नैस्डेक, एसएंडपी में नरमी रही

एजेंसी

वाशिंगटन। बेंचमार्क एसएंडपी 500 और नैस्डैक में नरमी रही, क्योंकि उच्च ट्रेजरी पैदावार ने इक्विटी पर दबाव डाला, जबकि निवेशकों ने ब्याज दर में कटौती के दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों को पचा लिया।

डेटा से पता चला है कि बेरोजगारी लाभ के लिए नए दावे दायर करने वाले अमेरिकियों की संख्या पिछले सप्ताह निम्न स्तर पर अपरिवर्तित रही, जो निरंतर श्रम बाजार की ताकत की ओर इशारा करती है। आंकड़ों के बाद अमेरिकी ट्रेजरी की पैदावार में बढ़ोतरी जारी रही, 10-वर्षीय नोट पर उपज 4.6223% थी। इस

बीच, न्यूयॉर्क फेड के अध्यक्ष जॉन विलियम्स ने कहा कि फिलहाल ब्याज दरों को कम करने का कोई दबाव नहीं है। प्रबंध निदेशक क्रिस लार्किन ने कहा, «इस सप्ताह के अधिकांश आंकड़ों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था अभी भी सभी सिलेंडरों पर काम कर रही है। फेड की दर में कटौती की योजना के लिए यह एक चुनौती होगी और यह शेयर बाजार की रैली पर असर डाल सकता है।' , मॉर्गन स्टेनली से ई ट्रेड पर व्यापार और निवेश।

S&P 500 (.SPX), नया टैब खोलता है और नैस्डैक (.IXIC), नया टैब खोलता है, लगातार पांचवें दिन नुकसान दर्ज करने के लिए तैयार हैं क्योंकि निवेशक फेड के ब्याज दर दृष्टिकोण के बारे में चिंतित हैं। एलएसईजी डेटा के अनुसार, मुद्रा बाजार अब इस वर्ष दर में लगभग 40 बीपीएस की कटौती कर रहा है, जो वर्ष की शुरुआत में देखी गई लगभग 150 बीपीएस से कम है। निवेशक अब दिन के अंत में अटलांटा फेड के अध्यक्ष राफेल बॉस्टिक की टिप्पणियों को उत्सुकता से सुनेंगे।

वोडाफोन आइडिया FPO : इंडस टावर्स को टेल्को के धन उगाहने, नेटवर्क विस्तार से लाभ होने की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। वोडाफोन आइडिया एफपीओ, इंडस टावर्स, भारत की सबसे बड़ी मोबाइल टावर स्थापना कंपनी, को फायदा होने की संभावना है अगर वोडाफोन आइडिया ?45,000 करोड़ का धन जुटाने और अपने नेटवर्क विस्तार को पूरा कर लेती है, विश्लेषकों ने कहा। नकदी संकट से जूझ रहे वोडाफोन आइडिया का ?18,000 करोड़ का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) 18 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला गया। कहा जाता है कि टेलीकॉम ऑपरेटर नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग विस्तार के लिए उपकरणों के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिए करेगा। इसके नेटवर्क बुनियादी ढांचे की कीमत ?12,750 करोड़ है। इसमें नई 4जी साइटों की स्थापना, मौजूदा और नई दोनों 4जी साइटों पर क्षमता में वृद्धि शामिल है और नई 5जी साइटों की स्थापना। वोडाफोन आइडिया एफपीओ आय का उपयोग दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ स्थगित भुगतानों के भुगतान के लिए भी किया जाएगा। Vodafone Idea FPO सब्सक्रिप्शन की स्थिति पहले दिन 26% रही। विश्लेषकों का मानना है कि ?20,000 करोड़ का इक्विटी निवेश, यदि सफल रहा, तो ऋण जुटाने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिसकी कीमत ?25,000 करोड़ होने का अनुमान है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि इससे वोडाफोन आइडिया को पूंजीगत व्यय बढ़ाने और कवरेज और क्षमता के अंतर को कम करने में मदद मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म का अनुमान है कि वित्तवर्ष25-27 में ?55,000 करोड़ का पूंजीगत खर्च होगा, जिससे ग्राहक मंथन में मदद मिलेगी।वोडाफोन आइडिया के सफल धन उगाहने से इंडस टावर के लिए एक प्रमुख ग्राहक की समस्या दूर हो जाएगी। हमारा अनुमान है कि वीआई अगले दो वर्षों में अपने मोबाइल ब्रॉडबैंड लोकेशन की संख्या मौजूदा 9170,000 से बढ़ाकर 250,000 कर देगा। हम उम्मीद करते हैं कि इंडस 980फीसदी जुड़एगा, जिससे उसका किरायेदारी अनुपात मौजूदा 1.7× से बढ़कर 91.95× हो जाएगा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट जारी, टॉप-10 में शामिल सिर्फ 1 क्रिप्टो में मामूली तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का दौर जारी है। आज बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ बीएनबी मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन गिर कर 62 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,540.14 डॉलर यानी 51.41 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर

3,001.70 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, सोलाना 4.92 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.31 प्रतिशत, टॉनकॉइन 3.95 प्रतिशत, डोजेकॉइन 7.44 प्रतिशत और कार्डानो 2.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 0.51 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.09 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.25 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 187.97 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 10,008 करोड़ डॉलर यानी 8.36 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 8.04 प्रतिशत अधिक है।

अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.06 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.99 प्रतिशत रह गई है।

लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों को 38 हजार करोड़ का नुकसान

एजेंसी

नई दिल्ली। कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा जम कर बिकवाली करने के कारण घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलने के बाद पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। दोपहर तक खरीदार बाजार पर भारी पड़ते दिखे लेकिन कारोबार के आखिरी 2 घंटे के दौरान मंदड़ियों ने पूरी तरह से बाजार को अपने कब्जे में ले लिया, जिसके कारण सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 1,107 अंक से भी अधिक का गोता लगा दिया। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में 364 अंक तक टूट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान टेलीकम्युनिकेशन, टेक और मीडिया सेक्टर को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा लेकिन कारोबार के अंत में स्मॉलकैप शेयरों में कुछ खरीदारी होती नजर आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के सपोर्ट की वजह से 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ

आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 393.87 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 394.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 38 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,924 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,813 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,986 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 125 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,202 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,003 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,199 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 239.42 अंक की मजबूती के साथ 73,183.10 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। दोपहर 11 बजे के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाला, जिसकी वजह से ये सूचकांक 529.37 अंक की मजबूती के साथ 73,473.05 अंक तक पहुंच गया। दोपहर 1 बजे के बाद बाजार पर पूरी तरह से मंदड़िये हावी हो गए, जिसके कारण ये सूचकांक गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,107.38 अंक टूट कर 578.01 अंक की कमजोरी के साथ 72,365.67 अंक तक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद इस सूचकांक ने 454.69 अंक की गिरावट के साथ 72,488.99 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 64.45 अंक की मजबूती के साथ 22,212.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया। इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से इसने 178.60 अंक की उछाल के साथ 22,326.59 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि दिन के दूसरे सत्र के दौरान बाजार में चौतरफा मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 364.80 अंक टूट कर 186.20 अंक की कमजोरी के साथ 21,961.70 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 152.05 अंक लुढ़क कर 21,995.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल 4.05 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.13 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.15 प्रतिशत, एलटी माइंडट्री 0.74 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। अपोलो हॉस्पिटल 4.11 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 3.31 प्रतिशत, नेस्ले 3.28 प्रतिशत, कोल इंडिया 3.22 प्रतिशत और ओएनजीसी 3.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। दरअसल नेस्ले कंपनी के इंडिया और विकासशील देशों में दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड

ब्रांड्स में चीनी की मात्रा अधिक मात्रा पाई गई है, जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है।

यूरोप में हुंडई, किआ की Q1 बिक्री साल-दर-साल 1.3 प्रतिशत गिरी

एजेंसी

सियोल। दक्षिण कोरिया की प्रमुख वाहन निर्माता हुंडई मोटर और किआ की संयुक्त वाहन बिक्री यूरोप में 2024 की पहली तिमाही (क्यू) में एक साल पहले की तुलना में 1.3 प्रतिशत गिर गई, जैसा कि उद्योग के आंकड़ों से पता चला। यूरोपीय ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार दोनों वाहन निर्माताओं ने जनवरी-मार्च अवधि के दौरान यूरोप में संयुक्त रूप से 2,78,432 इकाइयां बेचीं, जो पिछले साल की समान अवधि से 1.3 प्रतिशत कम है।योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आंकड़ों से पता चलता है कि हुंडई मोटर की बिक्री 1.3 प्रतिशत बढ़कर 1,35,281 इकाई हो गई, जबकि किआ की बिक्री 3.6 प्रतिशत गिरकर 1,43,151 इकाई हो गई।यूरोप में पहली तिमाही में हुंडई और किआ की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 8.2 फीसदी रही, जो पिछले साल से 0.5 फीसदी कम है। अकेले मार्च में, कंपनियों की संयुक्त बिक्री सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत गिरकर 1,12,692 इकाई रह गई। हुंडई की बिक्री 5.2 प्रतिशत घटकर 53,357 इकाई और किआ की बिक्री 5.9 प्रतिशत घटकर 59,335 इकाई रह गई। इस बीच, हुंडई मोटर और किआ ने भारत में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन विस्तार योजनाओं के तहत अग्रणी बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

रान के तेहरान, इस्फहान, शिराज की उड़ानें रद्द

एजेंसी

तेहरान। ईरान की राजधानी तेहरान तथा इस्फहान और शिराज शहरों की उड़ानें अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दी गयी है। ईरान हवाई अड्डों और एयर नेविगेशन कंपनी के जनसंपर्क प्रमुख रेजा कारख्यार ने शुक्रवार

को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने कारख्यार के हवाले से कहा कि तेहरान, इस्फहान और शिराज के हवाई अड्डों के साथ-साथ देश के पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में हवाई अड्डों के लिए भी उड़ानें रद्द कर दी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे तक सेवाओं का संचालन बंद रहेगा।

जरायल ने किया ईरान पर हमला, नुकसान अपुष्ट

यरुशलम/तेहरान। इजरायल पर ईरानी ड्रोन हमले के सात दिनों बाद शुक्रवार को इजरायल ने ईरान पर जवाबी हमले में मिसाइलें दागी, जो

इस्फहान प्रांत में गिरीं। इससे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजरायली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रखा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरान के अधिकारी ने इजरायली हमलों का किया खंडन

तेहरान। ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किये गये हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा कि इस्फहान में सुने गए विस्फोट की वायु रक्षा प्रणालियों की सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनाई दी है।

इजरायल अगर उसके परमाणु स्थलों पर हमला करता है तो ईरान उचित प्रतिक्रिया देगाः ईरान

एजेंसी

तेहरान। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया तो वह उसकी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाएगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों की सुरक्षा करने वाले इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) इकाई के कमांडर अहमद हकतलब की यह टिप्पणी तब आई है जब इजरायल ने पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में ईरानी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का संकेत दिया था।

ऑस्ट्रेलिया में अपराधियों के खिलाफ अभियान में 20 से अधिक किशोर गिरफ्तार

एजेंसी

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड के गोल्ड कोस्ट में किशोर अपराधियों के खिलाफ छेड़े गये अभियान में 20 से अधिक किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने यह जानकारी दी। गोल्ड कोस्ट में एक विशेषज्ञ कार्यबल तैनात किया गया, जिसने 92 मामलों में 23 युवाओं और 12 मामलों में तीन वयस्कों को गिरफ्तार किया। क्वींसलैंड पुलिस के अनुसार टास्कफोर्स में राज्य पुलिस बल के विशेषज्ञ जांचकर्ता और पेशेवर युवा न्याय कार्यकर्ता शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि 2022-23 में क्वींसलैंड में 10,878 अपराधी थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।

केन्या के राष्ट्रपति ने की विमान दुर्घटना में सैन्य प्रमुख के शहीद होने की पुष्टि

एजेंसी

नैरोबी। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने गुरुवार को देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए 10 वरिष्ठ कमांडरों में सैन्य प्रमुख फ्रांसिस ओगोला की मृत्यु की भी पुष्टि की। श्री रूटो ने कहा कि केन्या रक्षा बल (केडीएफ) के प्रमुख ओगोला 11 अन्य सैन्य कर्मियों के साथ केडीएफ ह्यूई हेलीकॉप्टर पर सवार थे। हेलीकॉप्टर ने एल्गेयो मारकवेट काउंटी के एक स्थानीय प्राथमिक विद्यालय से उड़ान भरी थी, जब अपराह्न करीब 2:20 बजे हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग की लपटों में घिर गया।

राष्ट्रपति ने एक टेलीविजन संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि दुर्घटना में सेना प्रमुख ओगोला समेत 10 सैन्य अधिकारी शहीद हो गए हैं। जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा, यह राष्ट्र के लिए बहुत दुखद क्षण है।

उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख

ओगोला डाकुओं से लड़ने के लिए अशांत क्षेत्र में तैनात सैनिकों से मिलने और स्कूल के नवीकरण कार्य का निरीक्षण करने के लिए कल सुबह नैरोबी से रवाना हुए थे। श्री रुतो ने कहा कि केन्या वायु सेना ने दुर्घटना का कारण पता लगाने के लिए एक विमानन जांच दल का गठन किया है और उसे दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में भेजा है।

श्री रूटो ने शहीद जनरल के जीवन और विशिष्ट सैन्य करियर के सम्मान में शुक्रवार से तीन दिवसीय शोक की घोषणा की। जिन्होंने न केवल पद पर रहते हुए बल्कि सक्रिय सैन्य कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन न्यौछावर किया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि केडीएफ हेलीकॉप्टर दो किलोमीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अशांत एल्गेयो मारकवेट-पश्चिम पोकोट सीमा के पास एक क्षेत्र से उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद उसमें आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी इवांस किपकोसगेई ने कहा, हमने हेलिकॉप्टर को नीचे आते देखा, और जब हम घटनास्थल पर पहुंचे, तो हमने हेलिकॉप्टर को आग की लपटों में घिरा पाया। उन्होंने कहा कि केरियो घाटी में तैनात केडीएफ अधिकारियों द्वारा साइट को तुरंत घेर लिया गया था।सेना प्रमुख ओगोला की मृत्यु पर तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन ने सोशल मीडिया एक्स पर राष्ट्रपति रुतो को शोक संदेश भेजा। उन्होंने कहा, -मैं केन्या के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ, राष्ट्रपति विलियम रूटो, सभी केन्याई लोगों और दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिवारों, रिश्तेदारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं।

पाकिस्तान में हुए आतंकी हमले में 4 सरकारी अधिकारियों की मौत

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में

गुरुवार को हुए एक आतंकवादी हमले में पाकिस्तान सीमा शुल्क के चार अधिकारियों की मौत हो गई जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों के हवाले से शिन्हुआ ने दी। डेरा इस्माइल खान पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुहम्मद अदनान ने 'शिन्हुआ ' से कहा कि जिले के सग्गू इलाके में नियमित गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तान सीमा शुल्क के एक तस्करी विरोधी दस्ते के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें चार अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि दो राहगीर घायल हो गए।

इमरान ने प्रधानमंत्री पद से हटाने में सऊदी अरब की भूमिका से किया इनकार, एसआईसी प्रमुख का दावा

एजेंसी

वाशिंगटन। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उन्हें 2022 में प्रधानमंत्री के पद से हटाने में अरब की कोई भूमिका नहीं थी। रावलपिंडी की अदियाला जेल में उनसे मुलाकात के बाद पीटीआई के नेताओं ने उनके बयान की जानकारी दी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को गिराने में सऊदी अरब की कोई भूमिका नहीं थी। खान की सरकार को 2022 में सत्ता से बेदखल किया गया था।

इमरान की सरकार को अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाया गया था। जिसके तुरंत बाद उन्होंने अपनी सरकार गिराने के लिए अमेरिका पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। हाल ही में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता शेर अफजल मारवत ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान कहा था कि सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ मिलकर इमरान खान को पद से हटाने में भूमिक निभाई थी। इस बयान के बाद पीटीआई दबाव में आ गई थी। अब पार्टी के संस्थापक ने बयान देकर स्पष्ट किया है।

मारवत की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया था, जब सऊदी अरब के विदेश मंत्री शहजादा फैसल बिन फरहान अपने

प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान में निवेश की संभावनाओं की तलाश करने के लिए उच्च स्तरीय यात्रा पर गए। हालांकि, पीटीआई ने मारवत के बयान से खुद को अलग कर दिया। इसके बाद इमरान ने डैमेज कंट्रोल के लिए यह बयान दिया।

रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुलाकात के बाद पीटीआई के नेताओं ने उनके बयान की जानकारी दी। पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहबजादा हामिद रजा के मुताबिक इमरान ने बैठक के दौरान कहा कि सऊदी अरब उनकी सरकार को गिराने में शामिल नहीं था। इससे पहले पीटीआई ने कहा था कि मारवत का बयान किसी भी तरह से पार्टी की रणनीति या रुख के अनुरूप नहीं है। इमरान खान के सऊदी अरब के साथ असहज संबंध थे। 2019 में मलेशिया में मुस्लिम नेताओं की एक बैठक में उन्होंने भाग लिया था। इस पर सऊदी अरब ने नाराजगी जताई थी।

फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाई रोक, बताई इसकी वजह

एजेंसी

वाशिंगटन। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर वोटिंग की। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव को वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फलस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकते। फलस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि %अमेरिका ये मानता है कि फलस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इस्राइल

और फलस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है, जिसमें अमेरिका और अन्य सहयोगी देश मदद करें। अमेरिका का ये वोट फलस्तीन को अलग देश का दर्जा देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन हमारा मानना है कि यह दोनों पक्षों में सीधे बातचीत के जरिए ही होना चाहिए। रॉबर्ट वुड ने कहा कि हमने लंबे समय पहले कहा था कि फलस्तीन को देश का दर्जा पाने के लिए कई संशोधन करने होंगे। अभी गाजा में एक आतंकी संगठन हमास सत्ता में है और प्रस्ताव में हमास को फलस्तीन का अभिन्न अंग बताया गया है। इस वजह से अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो किया है। वुड ने बताया कि 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हुए हमले के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ किया था कि क्षेत्र में दो देशों के प्रस्ताव से ही शांति आ सकती है। एक लोकतांत्रिक यहूदी राष्ट्र की सुरक्षा और भविष्य के लिए इससे दूसरा रास्ता नहीं है। फलस्तीनियों के शांति से रहने का भी दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

ब्रिटेन में बीमारी की वजह से छुट्टी लेने वालों की बढ़ी संख्या, पीएम सुनक ने की नियमों को सख्त करने की तैयारी

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन में लोग लंबे समय तक सिक लीव पर रहते हैं, जिसके कारण काम प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अब प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लंबे समय वाली सिक लीव के नियमों को कड़ा करने पर विचार करेंगे। सुनक इसलिए यह कदम उठाएंगे ताकि स्थायी रूप से कार्यस्थल से बाहर हो जाने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि को रोका जा सके।

श्रम शक्ति में भागीदारी 2015 के बाद से सबसे कम

लंबी अवधि की बीमारी में वृद्धि

और छात्रों की अधिक संख्या के कारण श्रम शक्ति में भागीदारी 2015 के बाद से सबसे कम है, अन्य बड़े समृद्ध देशों के विपरीत जहां 2020 के बाद से भागीदारी में वृद्धि देखी गई है।

काम नहीं करने वाले लोगों की बढ़ती संख्याः सुनक ने शुक्रवार को कहा कि मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण काम नहीं करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हमें लोगों को काम पर वापस लाने में मदद करने के बारे में अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है और जीवन की रोजमर्रा की चुनौतियों को अधिक चिकित्सा के जोखिम के बारे में और अधिक ईमानदार होने की जरूरत है।

206,000 अस्थायी रूप से बीमारः आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 16 से 64 वर्ष की आयु के लगभग 9.4 मिलियन लोग यानी 22 फीसदी न तो काम कर रहे हैं और न ही बेरोजगार है, जो महामारी से ठीक पहले 8.55 मिलियन थे। उनमें से, 2.8 मिलियन लंबे समय से बीमार है और 206,000 अस्थायी रूप से बीमार है।

कीटनाशकों की मौजूदगी के कारण सिंगापुर ने एवरेस्ट फिश करी मसाला वापस ले लिया

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के अधिकारियों के अनुसार, उत्पाद में मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त माने जाने वाले रसायन एथिलीन ऑक्साइड के ऊंचे स्तर के कारण सिंगापुर ने एवरेस्ट फिश करी मसाला को वापस मंगा लिया है। एक आधिकारिक बयान में, सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने कहा, हांगकांग में खाद्य सुरक्षा केंद्र ने इथाइलीन ऑक्साइड की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक होने के कारण भारत से एवरेस्ट फिश करी मसाला को वापस बुलाने की अधिसूचना जारी की है। सिंगापुर के नियमों के अनुसार, मसालों के स्टरलाइजेशन में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की अनुमति है, लेकिन द हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एवरेस्ट फिश करी मसाला में पाया जाने वाला ऊंचा स्तर उपभोक्ताओं के लिए संभावित स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। भारत से आयातित मसाला उत्पाद, हांगकांग में खाद्य सुरक्षा केंद्र की एक अधिसूचना के बाद वापस मंगाया जा रहा है, जिसमें एथिलीन ऑक्साइड का स्तर अनुमेय सीमा से अधिक होने पर प्रकाश डाला गया है।

एडीएनओसी जून 2024 में परिपक्वता पर एडीएनओसी वितरण में विनिमय योग्य बांड भुनाएगा

एजेंसी

दुबई। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) ने घोषणा की कि वह अबू धाबी नेशनल में अपने अमेरिकी डॉलर-मूल्य वाले वरिष्ठ असुरक्षित बांड (एक्सचेंजेबल बांड) को नकद भुगतान के माध्यम से निपटान करने का इरादा रखती है। वितरण के लिए तेल कंपनी पीजेएससी (एडीएनओसी डिस्ट्रीब्यूशन), जो 4 जून, 2024 को परिपक्वता पर 0.70 प्रतिशत का कूपन देती है। अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा करते हुए, एडीएनओसी 1.195 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का भुगतान करेगी, साथ ही लागू ब्याज में 4.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का भुगतान करेगी। एडीएनओसी ने एडीएनओसी वितरण में लगभग 375 मिलियन शेयरों की पेशकश के साथ, मई 2021 में विनिमय योग्य

बांड जारी किए। शेयर रूपांतरण के माध्यम से बांड का निपटान करने का विकल्प 4 मई, 2024 को समाप्त हो जाएगा।

एडीएनओसी बांड का पूरा निपटान नकद में करेगा और अंतर्निहित शेयरों का स्वामित्व बरकरार रखेगा, जो एडीएनओसी वितरण की पंजीकृत शेयर पूंजी का लगभग 7 प्रतिशत है। एक्सचेंजेबल बॉन्ड्स के मोचन के बाद एडीएनओसी डिस्ट्रीब्यूशन का फ्री फ्लोट 23 प्रतिशत पर रहेगा। एडीएनओसी डिस्ट्रीब्यूशन में बहुसंख्यक शेयरधारक के रूप में, एडीएनओसी कंपनी के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराता है, हाल ही में अनावरण की गई नई मध्यावधि विकास रणनीति का पूरी तरह से समर्थन करता है और दृढ़ता से मानता है कि इससे सभी हितधारकों के लिए अतिरिक्त मूल्य पैदा होगा। एडीएनओसी विनिमेय बांड की परिपक्वता पर एडीएनओसी वितरण में एक स्थिर शेयरधारिता स्तर बनाए रखेगा।

इजराइल पर हमले के जवाब में अमेरिका, ब्रिटेन ने ईरान पर प्रतिबंध लगाए

एजेंसी

वाशिंगटन, डीसी। इजरायल पर ईरान के अभूतपूर्व बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को तेहरान के मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रम में शामिल कलाकारों पर प्रतिबंध लगा दिए, जिनमें आपूर्तिकर्ता और ग्राहकों, व्हाइट हाउस ने एक आधिकारिक बयान में कहा। प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी), ईरान के रक्षा मंत्रालय और ईरानी सरकार के कई मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े नेताओं और संस्थाओं को निशाना बनाया गया है। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया है, प्रतिबंध इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान के रक्षा मंत्रालय और ईरानी सरकार के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े नेताओं और संस्थाओं को लक्षित करते हैं,

जिन्होंने इस निर्लज्ज हमले को सक्षम बनाया। जैसा कि मैंने हमले के बाद सुबह अपने साथी जी7 नेताओं के साथ चर्चा की, हम ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। और हमारे सहयोगियों और साझेदारों ने ईरान के अस्थिर करने वाले सैन्य कार्यक्रमों को प्रतिबंधित करने के लिए अतिरिक्त प्रतिबंध और उपाय जारी किए हैं या जारी करेंगे।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित इजरायली हवाई हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल की ओर कई ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं, जिसके परिणामस्वरूप ईरान के तीन शीर्ष जनरलों की मौत हो गई। व्हाइट हाउस ने यह भी साझा किया कि अमेरिका ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के कार्यकाल में ईरान और उसके प्रॉक्सी, हमास, हिजबुल्लाह, हौथिस और कताइब हिजबुल्लाह सहित 600 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। मेरे प्रशासन के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 600 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है - जिनमें ईरान और उसके प्रतिनिधि, हमास, हिजबुल्लाह, हौथिस और कताइब हिजबुल्लाह शामिल हैं। और हम इसे जारी रखेंगे। मैंने अपनी टीम को निर्देशित किया है, जिसमें शामिल है ट्रेजरी विभाग, ईरान के सैन्य उद्योगों को और कमजोर करने वाले प्रतिबंध लगाना जारी रखेगा।

बाढ़ में बिल्ली फसी, ऐसे बची जान

एजेंसी

दुबई। दुबई में पिछले 4 दिनों से बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण शहर भर की सड़कों पर पानी भर गया। स्थिति को दर्शाता एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शहर के बीचोंबीच एक कार बाढ़ में फसी हुई नजर आ रही है। वीडियो को मानें तो, बाढ़ में बह आई एक बिल्ली दिखाई दे रही है, जो तैरने में असमर्थ है। उस बेजुबान को उस दौरान कोई सहारा नहीं मिल रहा है। इसलिए वह कार के दरवाजे के हैंडल में अपने पंजों को फंसा कर खड़ी है। बिल्ली की ऐसी स्थिति ने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान

खींचा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि पुलिसवाले ने नाव पर आकर उस बेजुबान को बचाया। इस घटना से पता चलता है कि वहां हालात कैसे हैं। भारी बारिश के कारण शहर में पानी भर गया। मुख्य सड़कों, घरों और शॉपिंग मॉल में पानी भर गया। 16 अप्रैल को दुबई में करीब 259.5 मिमी बारिश हुई। बताया जा रहा है कि यहां 75 साल में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। शहर में कई जगहों पर कारें और अन्य वाहन पानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारी बारिश के कारण अफरा-तफरी मच गई है। कई उड़ानें देरी से चल रही हैं तो कई रद्द कर दी गई हैं। अन्य को डायवर्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक कोई आपात स्थिति न हो, हवाईअड्डे पर न आएं। हवाई अड्डे के एक प्रतिनिधि ने कहा कि कुछ उड़ानें देरी से चल रही हैं और अन्य को डायवर्ट कर दिया गया है। अमीरात एयरलाइंस ने सभी चेक-इन रद्द कर दिए हैं। रनवे मार्गों पर पानी भर जाने से क्रू और यात्रियों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा स्कूलों ने अगले हफ्ते तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं। अस्पतालों के सामने घुटनों तक पानी जमा होने से मरीजों को चिकित्सा सेवा मिल पाना मुश्किल हो रहा है।

हवाई हमले में हमास के वरिष्ठ खुफिया अधिकारी की मौत, स्कूल में छिपे आतंकवादी पकड़े गए

एजेंसी

तेल अवीव। गाजा में इजरायली हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी की मौत हो गई, इजराइल रक्षा बलों ने शुक्र कहा। इस बीच, आईडीएफ ने पुष्टि की कि उसने गाजा स्कूल में छिपे फिलिस्तीनी आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में हमास की सैन्य खुफिया शाखा बीट हनौन बटालियन के एक सुरक्षा अधिकारी यूसुफ रफीक अहमद शबात को मार गिराया गया। आईडीएफ ने कहा कि शबात उत्तरी गाजा शहर बेइत हनौन में हमास के आंतरिक सुरक्षा विभाग में जांच के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा, उसके खात्मे से आतंकवादी संगठन के जांच विभाग को काफी नुकसान हुआ हैइसके अलावा बेत हनून में, इजरायली सैनिकों ने एक स्कूल में छिपे कई हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों को पकड़ लिया। खुफिया जानकारी के आधार पर, आईडीएफ के उत्तरी ब्रिगेड के बलों ने एक परिसर में प्रवेश किया जिसमें स्कूलों के रूप में उपयोग की जाने वाली दो सुविधाएं थीं। आतंकवादियों ने परिसर में नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया था।

वेल्स फुटबॉल क्लब ने अपने अंतरराष्ट्रीय राजदूत, स्पेनिश फुटबॉलर गैज़्का टोकेरो की घोषणा की

एजेंसी

चेन्नई। वेल्स फुटबॉल क्लब डॉ. इशारी के गणेश के दूरदर्शी नेतृत्व में 2024-25 सीजन में प्रगति कर रहा है।वेल्स एफसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय राजदूत, स्पेनिश फुटबॉल स्टार गाइज़्का टोकेरो का अनावरण किया, जो पहले एथलेटिक बिलबाओ के साथ थे।टोकेरो के आगमन से क्लब में विशेषज्ञता का खजाना आ गया है और वह अंतरराष्ट्रीय आवासीय फुटबॉल अकादमी को आकार देने के लिए तैयार है।वेल्स एफसी इंटरनेशनल फुटबॉल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जानी जाने वाली यह पहल भारत भर के खिलाड़ियों को स्पेनिश कोचों के तहत प्रशिक्षण लेने, विशिष्ट सुविधाओं तक पहुंचने और विभिन्न युवा लीग और आई-लीग में भाग लेने का मौका प्रदान करती है।वेल्स फुटबॉल क्लब प्रथम श्रेणी का सीनियर पुरुष आई लीग क्लब है और 2024 - 2025 सीजन में प्रतिस्पर्धा करेगा।वेल्स फुटबॉल क्लब ने वेल्स इंटरनेशनल फुटबॉल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की है, जहां 10 साल से 20 साल की उम्र के बच्चे शामिल हो सकते हैं और फुटबॉल प्रशिक्षण की स्पेनिश पद्धति से गुजरेंगे, स्कूल के साथ-साथ विश्व स्तरीय निवास का अनुभव करते हुए स्पेनिश कोचों के तहत फुटबॉल का प्रशिक्षण लेंगे। और कॉलेज शिक्षा।आवासीय अकादमी जून 2024 में शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेल्स एफसी के ब्रांड एंबेसडर और एथलेटिक बिलबाओ, स्पेन के पूर्व स्ट्राइकर - श्री गैज़्का टोकेरो अपनी टीम के साथ वेल्स इंटरनेशनल फुटबॉल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का नेतृत्व करेंगे।डॉ. गणेश ने साझेदारी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "गाइज़्का टोकेरो को भागीदार हमारी उत्कृष्टता की खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उनका ज्ञान हमारे खिलाड़ियों का पोषण करेगा और हमारे प्रदर्शन को बढ़ाएगा। इसके अतिरिक्त, क्लब को अग्रणी स्पोर्ट्सवियर ब्रांड PUMA के साथ अपने सहयोग की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो पहली टीम के लिए होम और अवे जर्सी को प्रायोजित करेगा।

जय शाह ने कैंसर, थैलेसीमिया से जूझ रहे 12,000 मरीजों का टाइटन का आईपीएल मैच देखने के लिए स्वागत किया

एजेंसी

अहमदाबाद। एक अनोखे इशारे में, बीसीसीआई सचिव ने जय ने कैंसर और थैलेसीमिया जैसी प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे 12,000 मरीजों और उनके परिवारों की इच्छाओं को पूरा किया है, जिसमें उन्हें विशेष निमंत्रण दिया गया है। बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच देखें। इस उद्देश्य के लिए, रक्तदाताओं और रक्तदान शिविर आयोजकों को विशेष आमंत्रित सूची में शामिल किया गया था। इस अनुभव से मैच देखने वाले विशेष आमंत्रित लोगों के चेहरे खिल उठे। आमंत्रित लोगों ने अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साहवर्धन किया जिससे खुशी और सौहार्द का एक अनोखा माहौल बन गया जो स्टेडियम में पहले कभी नहीं देखा गया। एकजुटता और करुणा के इस भाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है। जय शाह के नेतृत्व में बीसीसीआई के इस भाव ने यह भी दिखाया कि कैसे क्रिकेट में समुदायों को एक साथ लाने और जरूरतमंद लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की शक्ति है। मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने अपने गेंदबाजों के काम के कारण आसान जीत हासिल की, इसके बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और शाई होप ने शानदार प्रदर्शन किया। डीसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात के लिए राशिद खान (24 गेंदों में 31 रन, दो चौकों और एक छक्के की मदद से) ने शीर्ष स्कोर बनाया और केवल तीन बल्लेबाज मुकेश कुमार (3/14), इशांत शर्मा (2/8) और ट्रिस्टन स्टब्स (2) के रूप में दहाई का आंकड़ा छू सके। /11) ने आतिशी स्पैल देकर जीटी की पारी 17.3 ओवर में 89 रन पर समाप्त कर दी।

विनेश-अंशु के सामने ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती, भारत के 17 पहलवान ले रहे हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालिफायर के जरिये पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए जब चुनौती पेश करेंगे तो सबसे ज्यादा नजरें दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट पर होंगी। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भारवर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था। उन्होंने पटियाला में हुए इस चयन ट्रायल में अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद 53 किग्रा वर्ग में भी प्रतिस्पर्धा की थी, लेकिन वह सेमीफाइनल में हार गई थी। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगी।

मात्र 17 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गईं स्पेनिश जिमनास्ट मारिया हेरानज़

एजेंसी

मैड्रिड। स्पेनिश जिमनास्ट मारिया हेरानज़ की 17 साल की उम्र में मैनिंजाइटिस से पीड़ित होने के बाद अचानक मृत्यु हो गई, स्पेनिश जिमनास्टिक्स फेडरेशन (आरएफईजी) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। हेरानज़ के गृहनगर कैबनिलास डेल कैंपो में स्थानीय प्राधिकारी ने भी एक विज्ञप्ति के साथ खबर की पुष्टि की, जिसमें बताया गया, मारिया ने भयानक मैनिंजाइटिस के कारण हमें अचानक छोड़ दिया है, जिसने उसे केवल 24 घंटों में हमसे दूर कर दिया, जिससे इलाके में गमगीन उदासी छा गई। हेरानज़ एक उभरते हुए जिमनास्ट थीं, जिन्होंने हाल ही में नवंबर 2023 में बर्मिंघम (यूके) में आयोजित ट्रैम्पोलिन जिमनास्टिक्स विश्व चैंपियनशिप में स्पेन का प्रतिनिधित्व किया और 26वें स्थान पर रहीं। आरएफईजी ने भी अपना शोक व्यक्त करते हुए

लिखा, आरएफईजी में हम क्लब हर्डिट्रैम्प की एक जिमनास्ट मारिया हेरानज़ की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं, जिन्होंने पिछली ट्रैम्पोलिन जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप में हमारा प्रतिनिधित्व किया था। हम उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। जिम्नास्टिक आपको हमेशा याद रखेगा।

हार्दिक पांड्या ने की आशुतोष शर्मा की तारीफ, कहा- उनके भविष्य को लेकर खुश हूं

एजेंसी

मुल्लांपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ जीत के बाद, मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या ने पीबीकेएस के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा की जमकर तारीफ की।

आशुतोष ने 28 गेंदों में 61 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 61 रन बनाए और एक समय 77 रन पर 6 विकेट खो चुकी पंजाब की टीम को शशांक सिंह (41) और हरप्रीत बरार (21) के साथ मिलकर मैच में वापसी दिलाई, हालांकि उनकी बेहतरीन पारी बेकार गई और पंजाब 9 रन से मैच हार गई। मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा, आशुतोष अविश्वसनीय थे। इस तरह आना और खेलना और सफलता से लगभग हर गेंद को बल्ले के बीच से मारना यह अद्भुत है। मैं उनके और उनके भविष्य को लेकर बहुत खुश हूं। हार्दिक ने आगे कहा, क्रिकेट का खेल बहुत अच्छा खेल है। मुझे लगता है कि इस मुकाबले में हर किसी की नसों का परीक्षण हो गया

है। हमने खेल से पहले बात की थी कि इस खेल में हमारे चरित्र की जांच की जाएगी और मुझे नहीं लगता कि इसके अलावा कुछ और था। 193 के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब के 4 विकेट केवल 14 रन पर गिर गए और फिर जिस तरह से टीम ने वापसी की वह स्वाभाविक था आपको लगता है कि आप खेल में आगे हैं, लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच तैयार करने की प्रवृत्ति होती है, जहां प्रतिद्वंद्वी वापसी कर सकता है और यह बिल्कुल वैसा ही था।

पंजाब के खिलाफ मैच के लेकर बुमराह ने कहा-जितना हमने सोचा था,यह उससे कहीं अधिक करीबी था

एजेंसी

मुल्लांपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद, मुंबई इंडियंस (एमआई) के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उनकी टीम ने जो सोचा था यह उससे कहीं ज्यादा करीबी मैच था।

यहां महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 33वें मुकाबले में जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्ज़ी के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस (एमआई) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 9 रन से हरा दिया। बुमराह ने मैच के बाद कहा, जितना हमने सोचा था, यह उससे कहीं ज्यादा करीबी मैच था। हम शुरुआत में ही प्रभाव छोड़ना चाहते थे। इस प्रारूप में गेंद दो ओवर तक स्विंग होती है और आप इसका

फायदा उठाना चाहते हैं। यह प्रारूप गेंदबाजों के लिए थोड़ा मुश्किल है। आप जो कर सकते हैं वह है अपना सर्वश्रेष्ठ तैयार करना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना और मैं वही करने की कोशिश करता हूं। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के बेहतरीन अर्धशतक (53 गेंद 78 रन, 7 चौके 3 छक्के) और रोहित शर्मा (36) व तिलक वर्मा (नाबाद 34) की बेहतरीन पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। पंजाब की ओर से हर्षल पटेल ने 3, कप्तान सैम करन ने 2 और कागिसो रबाडा ने 1 विकेट लिया। जवाब में एक समय केवल 49 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रही पंजाब की टीम को आशुतोष शर्मा (28 गेंद 61 रन 2 चौके, 7 छक्का) और शशांक सिंह (25 गेंद 41 रन, दो चौके, 3 छक्का) ने वापसी कराने की काफी कोशिश की, लेकिन अंत में टीम 9 रन से मैच हार गई। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रनों पर सिमट गई। मुंबई की ओर से गेराल्ड कोएट्ज़ी और जसप्रीत बुमराह ने 3-3, आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल ने 1-1 विकेट लिया। बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

कारूआना से ड्रॉ के बाद गुकेश दूसरे स्थान पर, प्रगनानंदा और गुजराती हारे, वैशाली-हंपी जीतीं

एजेंसी

मैनचेस्टर। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रगनानंद और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रगनानंद को अमेरिका के हिकारू नाकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया।

टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोमनियाच्ची लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारूआना, नाकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रगनानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं।

महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेई दूसरे 1स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हंपी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

धीमी ओवर गति के कारण मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। चंडीगढ़ के मुल्लानपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

लीग ने गुरुवार देर रात एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लानपुर के पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, इसलिए पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल 2024 : रोमांचक मुकाबले में मुंबई ने पंजाब को 9 रन से हराया

एजेंसी

मुल्लांपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को उनके घरेलू मैदान मुल्लांपुर में नौ रनों से मात दी है। यह मुकाबला इतना रोचक रहा कि दूसरी पारी के 19वें ओवर तक मैच किसी भी करवट पलटी मारने का माद्दा दर्शा रही थी। हालांकि बुमराह और कोएट्ज़े की धारदार गेंदबाजी और मुंबई की शानदार फिल्डिंग खासकर कैचिंग ने मैच का रुख उनके पाले में पटल दिया। वैसे मैच भले ही मुंबई ने जिता हो लेकिन पंजाब के अनकैप्ड युवा बल्लेबाज आशुतोष शर्मा (28 गेंदों में 61 रन) ने अपनी बैटिंग से सभी का दिल जीत लिया। मुंबई इंडियंस की ओर से मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बहुत ही निराशाजनक रही। पारी की 2.1 ओवर तक चार शुरुआती बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। इनमें प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रूसो (01 रन), लियाम लिविंगस्टन (01 रन) और कप्तान सैम करन (6 रन) शामिल रहे।

इसके बाद हरप्रीत सिंह (13रन) ने शशांक सिंह के साथ पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन ये जोड़ी ज्यादा देर नहीं टिकी। जितेश शर्मा भी मात्र 9 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि पिछले कुछ मैचों से पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने खेवनहार की भूमिका निभाई है। इस मैच में भी फिर से उनकी पर उम्मीद का बोझ था। दोनों के बीच 34 रन साझेदारी भी हुई लेकिन तभी शशांक 41 रन बनाकर आउट हो गए। तब आशुतोष ने जानदार अंदाज में शॉट लगाने शुरू किए और हरप्रीत बराड़ के साथ मिलकर 30 गेंदों में 57 रन जोड़े। इस साझेदारी से पंजाब के जीत की उम्मीद बढ़ गई। लेकिन आखिर में आशुतोष बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच आउट हो गए। उन्होंने 28 गेंदों में 2 चौकों और 7 छक्कों की मदद से तेजतर्रार 61 रन की पारी खेली। इसके बाद बराड़ भी 31 रन बनाकर आउट हो गए। तब 8 गेंदों में पंजाब को जीत के लिए 18 रनों की जरूरत थी। कगिसो रबाडा ने पहली गेंद पर छक्का जड़कर टीम की आस बढ़ाई लेकिन 20वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन चुराने के चक्कर में वो रन आउट हो गए। इस तरह पंजाब की पूरी टीम 183 रन पर आउट हो गई। मुंबई के लिए बुमराह और कोएट्ज़े ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में 192 रन बनाए। मुंबई के लिए एक बार फिर सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन पारी खेली। सूर्या ने 53 गेंदों में 78 रन बनाए। वहीं रोहित शर्मा (36 रन) और तिलक वर्मा (34 रन) ने भी उनका अच्छा साथ दिया। जबकि कप्तान हार्दिक ने 10 रन और टिम डेविड ने 14 रन का योगदान किया। पंजाब के लिए हर्षल पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन विकेट अपने नाम किए। जबकि कप्तान सैम करन ने दो विकेट और कगिसो रबाडा ने एक विकेट चटकाए।

सेमीफाइनल के लिए भिड़ेंगे ओडिशा एफसी और केरला ब्लास्टर्स

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा एफसी और केरला ब्लास्टर्स आज शाम भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में प्लेऑफ के पहले मैच में भिड़ेंगे।

ये दोनों टीमें खराब फॉर्म के साथ नॉकआउट मुकाबले में उतरेंगी, दोनों ही अपने पिछले पांच मैचों में तीन बार हारी हैं और एक ड्रा व एक जीत से संतुष्ट हुई हैं।ओडिशा 39 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर रहे, जबकि केरला ब्लास्टर्स एफसी 33 अंक लेकर पांचवें स्थान पर रही। एक-चरण वाला यह प्लेऑफ मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसका विजेता सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेगा, जहां शीर्ष दो टीमें, यानी मोहन बागान सुपर जायंट और मुम्बई सिटी एफसी उसका इंतजार कर रही हैं। सर्जियो

लोबेरा और इवान वुकोमानोविक दोनों अनुभवी रणनीतिकार हैं, और वे आगामी महत्वपूर्ण 90 मिनटों के लिए अपनी टीमों को तैयार करने में जुटे होंगे।ओडिशा एफसी के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अगर मैं आज अब तक के पूरे सीजन का विश्लेषण करूं तो मैं बहुत खुश हूं। हमने भारत की सबसे मजबूत टीमों का मुकाबला बहुत अच्छे से किया। हमने सुपर कप के फाइनल में जगह बनाई और हालांकि हम हार गए, लेकिन हमने अंत तक संघर्ष किया। केरला ब्लास्टर्स एफसी के सर्बियाई हेड कोच इवान वुकोमानोविक ने मैच से पहले कहा, सीजन के दौरान हमें प्रमुख खिलाड़ियों की सर्जरी और अन्य अनचाही वजहों के कारण टीम को पूरी तरह से बदलना पड़ा। लेकिन नॉकआउट में मानसिकता पूरी तरह से अलग होती है, क्योंकि यहां आपको लंबी अवधि के लिए योजना नहीं बनानी होती है।

बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 22 मैच खेले गए हैं, जिसमें से केरला ब्लास्टर्स एफसी ने 9 में और ओडिशा एफसी ने 6 में जीत दर्ज की है, जबकि 7 मैच ड्रा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की अनाया ने जीता बालिका एकल खिताब, यूपी की आशी शमसेरी उपविजेता

एजेंसी

लखनऊ। हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिस्वास ने तीन सेट तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ बालिका एकल खिताब जीत लिया।

इसी के साथ बालक एकल में उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह व रोहिन राज ने सेमीफाइनल में जीत से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। बालक युगल सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा व रोहिन राज और रिशांत जायसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला प्रोफेशनल टेनिस अकादमी में बालिका एकल फाइनल में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिस्वास ने दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश

की आशी शमसेरी को 6-4, 0-6, 6-1 से हराया। पहले सेट में अनाया बिस्वास ने रोमांचक अंदाज में 6-4 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में आशी शमसेरी ने कुछ बेहतरीन शॉट खेले और एकतरफा 6-0 से जीत लिया। तीसरे व निर्णायक सेट में अनाया बिस्वास ने बेहतर तकनीक के सहारे 6-1 की जीत के साथ खिताब भी जीत लिया। बालक एकल के पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने अविनाश राय को 6-2, 6-3 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने बिहार के सिद्धांत चौधरी को 6-1, 6-2 से हराया। बालक युगल के पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा व रोहिन राज ने अविनाश रॉय व सिद्धांत चौधरी को तीन सेट तक चले रोमांचक मैच में 6-1, 2-6, 10-7 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के रिशांत जयसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के ही प्रणय शर्मा व कृष्णा सिंह को 6-2, 6-3 से हराया।

आईसीसी ने इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और मैच रेफरी रमन सुब्बा रो के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और आईसीसी मैच रेफरी रमन सुब्बा रो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुब्बा रो का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रमन के परिवार में उनकी पत्नी ऐनी, बेटी मिशेल, बेटा एलिस्टेयर, 8 पोते-पोतियां और एक परपोती है। उनके सबसे बड़े बेटे क्रिस्टोफर का 2020 में दुखद निधन हो गया था। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने सुब्बा रो को एक अच्छे क्रिकेटर के रूप में याद किया, जिन्होंने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में अंपायरिंग की। आईसीसी क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा, "रमन के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ और मैं आईसीसी में सभी की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। रमन अपने युग के एक सम्मानित क्रिकेटर थे, जो टेस्ट और काउंटी क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष बने। वह आईसीसी के शुरुआती मैच रेफरी में से एक थे, जिन्होंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बहुत ही कुशलता से कार्य किया। 1932 में लंदन के स्ट्रीथम में जन्मे, व्हिटगिफ्ट-शिक्षित रमन ने पहली बार 1951 के वर्सिटी मैच में 21 रन देकर 5 विकेट लेकर कैम्ब्रिज में सबका ध्यान खींचा। 1953 में, विश्वविद्यालय के बाद, उन्होंने लंदन के ओवल में सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की, जिसे वे अक्सर अपना दूसरा घर कहते थे। उस वर्ष बाद में जॉर्ज डकवर्थ ने रमन को भारत के राष्ट्रमंडल दौरे वाली क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। सरे की बहुवर्षीय विजेता टीम में स्थायी स्थान सुरक्षित करने में असमर्थ होने पर, वह 1955 में नॉर्थम्प्टनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब में चले गए, जहां वह 1958 में काउंटी कप्तान बने। यह वह कदम था जिसने इंग्लैंड के चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें 13 जुलाई 1958 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध इंग्लैंड टीम में जगह मिली।

घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हुए भारतीय शीर्ष लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर ने प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लगने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 से नाम वापस ले लिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, 25 वर्षीय श्रीशंकर ने कहा कि मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान उनके घुटने में चोट लगी है और उन्हें सर्जरी की आवश्यकता होगी। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है, जिन्हें मैं बदल नहीं सकता, और जिनके परिणामों को मैं बदल सकता हूं उन्हें निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, यह एक दु:स्वप्न जैसा लगता है, लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक खेलों का सपना खत्म हो गया है। कई परीक्षणों के बाद, यह निर्णय लिया गया कि उन्हें सर्जरी की आवश्यकता होगी, जिससे वह पेरिस ओलंपिक से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई, और सभी परीक्षणों और परामर्शों के बाद, यह निर्णय लिया गया कि मुझे सर्जरी की आवश्यकता होगी।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 20 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

उत्पाती ने छत से पुलिस पर किया पथराव

टीम एक्शन इंडिया

एटा: उत्तर प्रदेश के एटा में उत्पात मचाने की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही उत्पाती ने उन पर छत से ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। बत्थर बरसते देख पुलिसकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। सोशल माडियो पर वीडियो पोस्ट किया तो यह वायरल हो गया। घटना जलेसर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव की है। गांव के लोगों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी कि शराबी युवक गांव में उत्पात मचा रहा है। इस पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देखते ही उत्पाती ने उन पर पथराव शुरू कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला से चीख रही है। उससे कह रही है कि पुलिस पर पत्थर मत फेंको। इसके बाद भी युवक कंट्रोल में नहीं आ रहा है। पहले तो पुलिस ने खुद को सुरक्षित किया। इसके बाद जैसे-तैसे शराबी उत्पाती को पकड़ा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तीसरे दिन भी शंभू में ट्रैक पर डटे हैं किसान

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले शंभू में रेलवे ट्रैक पर किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। इसके चलते 110 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। 40 ट्रेन रद्द की गई हैं। 54 ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। आठ को बीच रास्ते रद्द कर दिया गया है। पटियाला रेंज के डीआईजी और एसएसपी से किसान जत्थेबंदियों की बैठक हुई है, लेकिन कोई सहमति न बन पाने के चलते किसानों का रेल ट्रैक पर जाम जारी रहा। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने साफ किया कि आंदोलन जारी रहेगा, जब तक नवदीप सिंह व बाकी दो किसानों अनीश खटकड़ और गुरकीरत सिंह को रिहा नहीं किया जाता है। पंधेर ने कहा कि इन तीनों को गलत केस में फंसाया गया है। गिरफ्तारी के विरोध में अनीश खटकड़ जेल में मरणव्रत पर हैं, लेकिन केंद्र व हरियाणा टस से मस नहीं हुई है।

फिरोजपुर मंडल की 29 मेल और पैसेंजर ट्रेनें रद्द: फिरोजपुर। शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते रेल डिवीजन फिरोजपुर से अंबाला व अन्य शहरों को जाने वालीं 29 मेल व पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गई हैं, जबकि 28 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। इन सबके चलते यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रेल अधिकारियों के मुताबिक बारह मेल (एक्सप्रेस) ट्रेनें रद्द की गई हैं। इनमें अमृतसर-चंडीगढ़ (12032), नई दिल्ली-अमृतसर (12029), पुरानी दिल्ली-फाजिल्का (14507), नई दिल्ली-अमृतसर (12459), जम्मूतवी-कानपुर (12470), कटरा-नई दिल्ली (22478), पुरानी दिल्ली-जालंधर (14681), पुरानी दिल्ली-कटरा (14033), नई दिल्ली-अमृतसर (12013), अमृतसर-नई दिल्ली (12014), अमृतसर-नई दिल्ली (12498) व हिसार-अमृतसर (14653) शामिल हैं।

शिक्षक भर्ती पेपर लीक प्रकरण में ईडी कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पांच आरोपितों के खिलाफ पेश मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रसंज्ञान लिया है।

माफिया-गुंडों का राम नाम सत्य हो गया: योगी

यह कांग्रेस, सपा और बसपा का पाप है कि भगवान राम को भी प्रमाण देने के लिए कहा गया: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गरजे सीएम

8 जिन लोगों ने आपके साथ अन्याय किया उनको एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

बुलंदशहर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा के उम्मीदवार डॉ. भोला सिंह के समर्थन में जनसभा की। मंच से मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में केवल राम मंदिर ही नहीं बना है बल्कि बड़े-बड़े माफिया और गुंडे जो पहले सत्ता के सरपरस्त होते थे, आज उनका राम-राम सत्य हो गया है। अयोध्या में प्रभु राम के सूर्य तिलक से पूरा भारत गौरवान्वित महसूस किया। यह कांग्रेस, सपा और बसपा का पाप है कि भगवान राम को भी अपना प्रमाण देने के लिए कहा गया और जब अब राम मंदिर बन चुका है तो यह लोग कहते हैं कि भगवान राम तो सबके हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आपके साथ अन्याय किया उनको एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जिला बुलंदशहर गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंदशहर की पॉटरी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। जनपद की बेटी पारूल चौधरी को गोल्ड मेडल लाने पर प्रदेश सरकार ने डिप्टी एसपी की नौकरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है और पाकिस्तान में जनता भूख से मरने पर मजबूर है।

बसपा ने अंतिम दिन बदला उम्मीदवार, चौधरी बशीर ने किया नामांकन : बहुजन समाज पार्टी(बसपा) ने नामांकन के अंतिम दिन अपना उम्मीदवार बदल दिया है। पूर्व में घोषित सतेंद्र जैन सोली के स्थान पर शुक्रवार को बसपा उम्मीदवार के रूप में पूर्व मंत्री चौधरी बशीर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। नामांकन के अंतिम दिन बसपा ने सतेन्द्र जैन सोली का टिकट काटकर उनके स्थान पर बसपा सरकार में मंत्री रहे चौधरी बशीर को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा उम्मीदवार चौधरी बशीर बसपा नेताओं व समर्थकों के साथ नामांकन करने जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

वह नामांकन के बाद मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले की जनता पहले के सांसदों को आजमाकर देख चुकी है। यहां परिवर्तन होना चाहिए। इस क्षेत्र की जनता एक बार मुझे सेवा करने का मौका दे। मैं सर्व समाज के लिए काम करने आया हूं। आगामी पांच साल में मेरे कार्य को अन्य सांसदों से तुलना करके देखें। मेरा कार्य पसंद न आए तो फिर पांच साल बाद मुझे बदल दिया जाए।

कांग्रेस से मिलकर समाजवादी लाल टोपी का रंग चटक हो रहा है!

टीम एक्शन इंडिया

आजमगढ़: यह कभी कांग्रेसी जमीन थी, तो कभी यह समाजवादी जमीन थी। यह जन संघर्ष और सपनों की जमीन थी। आज एक बार फिर अतीत के लंबे फासलों को लांघते हुए दोनों सियासी जमीनों का मिलन हो रहा था। जैसे दो दलों का नहीं, बल्कि दो दिलों का मिलन हो रहा हो। मंच पर बुजुर्ग कांग्रेसी बैठे थे, और सामने युवा कांग्रेसी, आयोजन भी कांग्रेसी लेकिन मेहमान थे समाजवादी। दोनों दलों के सहारे दिलों का मिलन हो रहा था। स्वागत के मालें में गठबंधन का प्रत्याशी था। स्वागत कर रहे थे कांग्रेसी।यह गठबंधन की समन्वय बैठक थी, स्थान था आजमगढ़ का पालीवाल मैरिज हाल, तारीख थी अप्रैल 18। आजमगढ़ में इसके सूत्रधार थे जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह और उनकी टीम। एक देश का सबसे पुराना दल है तो दूसरा जनसंघर्ष का समाजवादी खेमा। सच कहें तो कांग्रेस से मिलकर समाजवादी लाल टोपी का रंग चटक हो रहा था। कभी कम्युनिस्टों का केरल कहा जाने वाला आजमगढ़ की पहचान कांग्रेसी अलगू राय शास्त्री और कालिका सिंह से है। यह विश्राम राय, चन्द्रजीत यादव और रामनरेश यादव की सियासत और उनकी विरासत की जमीं है। यह देश और दुनिया में अपनी ठसक और पहचान की जमीं है।

'मोदी सरकार ने अग्निवीर लाकर किया युवाओं के साथ धोखा'

टीम एक्शन इंडिया

सवाई माधोपुर: लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण को लेकर दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के चलते कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। पायलट ने सभा में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए बढ़ती हुई महंगाई तथा घटते हुए रोजगार के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के साथ ही अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा तथा कांग्रेस के घोषणा पत्र को अमल में लाते हुए किसानों को एसपी की गारंटी, रोजगार की गारंटी सहित अन्य वादे भी पूरे किए जाएंगे।

लखनऊ: स्थानीय प्रत्याशियों से राजनाथ सिंह की घेराबंदी

टीम एक्शन इंडिया

रोमांचक

8 सपा ने रविदास मेहरोत्रा और बसपा ने सरवर अली को मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांचक बना दिया

लखनऊ: लखनऊ, अदब और तहजीब के साथ सियासत का ऐसा शहर है, जहां से होकर दिल्ली के दरवाजे खुलते हैं। ऐसे में सभी पार्टियां उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर कब्जा जमाना चाहती हैं। यही वजह है कि बीते तीन दशक में पहली बार सपा, बसपा और कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलों ने किसी बाहरी नामचीन या फिर बॉलीवुड के सितारों पर दांव नहीं लगाया है। इस बार गठबंधन के तहत सपा ने लखनऊ मध्य के विधायक एवं पार्टी के कद्दावर नेता रविदास मेहरोत्रा और बसपा ने लखनऊ उत्तरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके सरवर अली को मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांचक बना दिया है। जीत का ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन चर्चा है कि कई साल बाद विपक्ष ने भाजपा को घेरने की मजबूत घेराबंदी की है। आंकड़ों पर गौर करे तो लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 1991 से लेकर 2019 तक लगातार भाजपा जीतती आ रही है। यदि 1996 के आम चुनाव से लेकर अब तक की बात करें तो यहां से सपा, कांग्रेस, आप या फिर बसपा की ओर से काई न कोई बाहरी नामचीन चेहरा या फिर किसी बॉलीवुड के सितारे को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा जाता रहा है। हालांकि इस शहर पर न तो कभी बॉलीवुड के सितारों का जादू चला है और न ही किसी बड़े नामचीन नाम का असर हुआ। सभी को यहां हार का सामना करना पड़ा है। अब लगभग तीन दशक के बाद भाजपा को टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने अपने स्थानीय विधायक एवं कद्दावर नेता रविदास मेहरोत्रा को मैदान में उतारा है।

पीलीभीत में 80 वर्षीय कृष्ण अवतार कंसल अपनी पत्नी को लेकर इमंड इंटर कॉलेज बूथ पर मतदान करने पहुंचे। उनकी पत्नी चलने में असमर्थ हैं। इसीलिए वह उन्हें स्कूटी पर बैठाकर मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी को देश हित में मतदान करना चाहिए।

पूर्वांचल में 5 पिछड़े और 3 अगड़ों को बसपा ने दिया टिकट

टीम एक्शन इंडिया

वाराणसी: बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के जरिये अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल कर ली थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले से ताल ठोंक दी है। अभी तक जिन दस सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। सियासी गलियारों में इसीलिए चर्चा है कि पार्टी इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश दे रही है। पिछले कुछ चुनावों पर गौर करें तो पूर्वांचल की कई सीटों पर बसपा की स्थिति अच्छी रही है। 2009 में अकेले दम पर बसपा ने पूर्वांचल की 13 सीटों में से पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।

ताल ठोकेंगे

8 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे

हिमाचल में मौसम ने ली फिर करवट

शिमला: हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। प्रदेश में येलो अलर्ट के बीच अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चम्बा व कुल्लू के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात हुआ है। रोहतांग दर्रा और शिंकुला दर्रा भी बर्फ से लकदक हो गया है। राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी शिमला में दोपहर से झमाझम बारिश हो रही है। शिमला सहित कई इलाकों में बीती रात तेज आंधी चली। बारिश-बर्फबारी के कारण तापमान गिरने से पहाड़ी इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है।

पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल: नीतीश

टीम एक्शन इंडिया

भागलपुर: भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।

शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। इसको विस्तार करके इसका नाम जीविका किया गया।

जंगलराज

8 हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं: सीएम

आपसी संघर्ष में दो तेंदुओं की मौत

टीम एक्शन इंडिया

लखीमपुर खीरी: लखीमपुर खीरी में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफरजोन की धौरहरा रेंज में दो नर तेंदुओं की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों के पैनल ने आपसी संघर्ष में दोनों तेंदुए के मरने की बात पाई है। कतर्निया घाट वन्यजीव विहार की सीमा पर खैरातीपुरवा गांव के पास पहले एक तेंदुए का शव देखा गया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही थी कि तभी कुछ दूरी पर एक और तेंदुआ गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला।

सिर्फ वोट लेने के लिए वादे, किसानों की सुनने वाला कोई नहीं

टीम एक्शन नइंया

अलीगढ़: खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को लागत के सापेक्ष फसल की कीमत नहीं मिल पा रही है। विदेशों में किसानों को तमाम तरह के बोनस मिलते हैं। सस्ती दर पर विदेश से अनाज मंगा लिया जाता है, जिस कारण यहां के किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल पाता है। किसानों का मंड़ियों में होने वाला शोषण रोकने के लिए एमएसपी कानून बनाया जाना चाहिए। किसानों ने लोकसभा चुनाव में किसानों की भूमिका विषय पर चर्चा करते हुए कई प्रमुख मुद्दों को सामने रखा। किसानों ने कहा कि चुनाव से पहले हर दल, हर नेता किसानों से वादे करते हैं, लेकिन इसके बाद सब भूल जाते हैं। किसान अमित राघव ने कहा कि सांसद-विधायक के वेतन में 200 गुना इजाफा हो गया है, लेकिन किसानों की उपज लगभग उसी दाम पर बिक रही है। किसान अर्जुन सिंह ने कहा कि खाद, बिजली, पानी, कीटनाशक दवाओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन किसानों की उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद भी तय रेट से अधिक दाम पर उपलब्ध हो पा रही है। किसान व जिला पंचायत सदस्य केपी सिंह मिस्त्री ने कहा कि बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों को बर्बाद करने की समस्या लगातार बढ़ रही है। मगर, कोई दल इस समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है। कमल सिंह ने कहा कि वोटों के लिए चुनाव में किसानों को सब्जबाग दिखाए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सब किसानों को भूल जाते हैं।

सब्जबाग

8 सांसद-विधायक के वेतन में 200 गुना इजाफा हो गया है, लेकिन उपज लगभग उसी दाम पर बिक रही

दौसा: मतदाताओं ने मतदान का किया बहिष्कार

टीम एक्शन इंडिया

दौसा: दौसा लोकसभा क्षेत्र में भी मतदान पूरी गति के साथ चली लेकिन दौसा का ही बिगास मतदान केंद्र मतदाताओं का इंतजार करता नजर आ रहा है क्योंकि यहां मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। दौसा विधानसभा क्षेत्र में बिगास मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियां मतदाताओं का इंतजार करती नजर आ रही हैं। बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि हिंगोटिया पंचायत से अलग होने के बाद उनका थाना क्षेत्र भी बदल गया उनकी तहसील भी बदल गई, जिसके चलते उन्हें खुद के और अपने बच्चों के कागजात बनवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बिगास गांव पहले हिंगोटिया पंचायत में आता था लेकिन नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत ठिकरिया में जोड़े जाने के कारण यहां के ग्रामीण मतदान का बहिष्कार करके बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इन्हें वापस हिंगोटिया ग्राम पंचायत में नहीं जोड़ दिया जाता तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।

शह और मात

कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जालंधर सीट से टिकट दिया है

पंजाब की सियासत: अपने दिग्गजों के चुनाव रण बदलने लगी पार्टियां

टीम एक्शन इंडिया

जालंधर: पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करनी रणनीति बनाने में जुटी हैं। इस कड़ी में सियासी दलों के बीच यह चुनाव शह और मात के खेल से कम दिखाई नहीं दे रहे।

चमकौर साहिब से विधायक बने चन्नी को जालंधर से टिकट: कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जालंधर सीट से टिकट दिया है, जबकि वह चमकौर साहिब सीट से पार्टी के विधायक रहे हैं। 2022 में उन्होंने मालवा की दो आरक्षित सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों पर हार गए थे। फिर भी उन्हें कांग्रेस ने सीएम प्रोजेक्ट किया, जिसका असर दोआबा में काफी हुआ था। दोआबा दलित बहुल क्षेत्र है और करीब 45 फीसदी वोट दलितों के हैं। विधानसभा चुनाव में बना दिया है।

रणनीति

8 दोआबा दलित बहुल क्षेत्र है और करीब 45 फीसदी वोट दलितों के हैं। 23 में से 9 सीटें जीती थीं

कांग्रेस ने दोआबा में 23 में से 9 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव में दलित वोटों पर नजर बनाए रखते हुए पार्टी ने चन्नी को मालवा से हटाकर दोआबा में जालंधर से उम्मीदवार बना दिया है।

जालंधर के दलजीत चीमा गुरदासपुर से मैदान में: अकाली दल के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा जालंधर के रहने वाले हैं, फिर भी पार्टी ने उन्हें रोपड़ से विधानसभा चुनाव में उतारा और वह चुनाव जीतकर सूबे के शिक्षा मंत्री बने थे।

इसके बाद 2017 व 2022 के चुनाव डॉ. चीमा हार गए। इस बार अकाली दल ने उन्हें रोपड़ से हटाकर गुरदासपुर लोकसभा सीट के लिए टिकट दिया है।

सीतापुर सीट: बड़े दलों पर भरोसा कायम

टीम एक्शन इंडिया

सीतापुर: संसदीय सीट सीतापुर के मतदाताओं ने आजादी के बाद से अब तक बड़े दलों (राष्ट्रीय पार्टियों) पर ही भरोसा जताया है। एक बार का चुनाव छोड़ दें, तो अब तक हुए 17 लोकसभा के चुनाव में वोटरों ने 16 बार जीत का ताज कांग्रेस, जनसंघ, बीएलडी, भाजपा, बसपा इत्यादि राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों को पहनाया है। हालांकि, 1996 में मतदाताओं ने सपा प्रत्याशी पर भी दरियादिली दिखाकर संसद पहुंचाया है। इस बार भी राष्ट्रीय पार्टियों के बीच ही मुख्य मुकाबला होने के आसार हैं। बहरहाल, वोटर का मिजाज इस बार फिलहाल साफ नहीं है। चुनावी शंखनाद के बाद से सियासी बयार तेज जरूर हो गई है। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र का गठन पहली लोकसभा के साथ 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चचेरे भाई की पत्नी उमा नेहरू जीतीं थीं। 1957 का चुनाव भी उन्हीं के नाम रहा। फिर 1962 में जनसंघ के सूरज वर्मा ने उमा नेहरू का विजयरथ रोककर सीट पर कब्जा कर लिया।